आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

• वर्ष- 15 अंक 278- • जबलपुर • शनिवार, 13 नवम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कार्तिक शुक्ल पक्ष -9 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935


**सुविचार**

दुनिया का एक फरिश्ता
जो सबसे जुदा है दिखता
जब भी मैंने मां को देखा ,
लगता खुदा को देखा।


हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in


# इस स्थिति में कैसे जिंदा रहेंगे लोग? जरूरत पड़े तो लॉकडाउन लगाइए

## प्रदूषण पर सुप्रीम नाराजगी, सरकार को फटकारते बोले चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के चलते एक्यूआई का स्तर लगातार 500 से ऊपर बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को इसी मुद्दे पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से जल्द से जल्द कदम उठाने के लिए कहा। चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना ने कहा कि ऐसी स्थिति में तो लगता है कि घर में भी मास्क पहनकर ही बैठना होगा। कोर्ट ने केंद्र सरकार को वायु प्रदूषण से निपटने की तरकीब निकालने को कहा।

### कोर्ट में क्या हुआ वाकया?

सुप्रीम कोर्ट में सुबह जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई तो सीजेआई रमन्ना ने सीधे सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि स्थिति कितनी खतरनाक है।



हमें घरों पर भी मास्क लगाकर बैठना पड़ेगा। आखिर क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इस पर केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वायु प्रदूषण का पहला कारण पराली जलाया जाना है। एसजी ने कहा कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए कुछ नियम होने चाहिए, जिससे राज्य सरकारें उन पर कार्रवाई कर सकें। हालांकि, एसजी की इस मांग पर चीफ जस्टिस ने सवाल उठाते हुए कहा- आप ऐसे कह रहे हैं कि सारे प्रदूषण के लिए किसान जिम्मेदार हैं। आखिर इसे रोकने का तंत्र कहा है? उन्होंने आगे कहा, हमारा सरकार स कोई लेना-देना नहीं। सवाल है कि इस समस्या से निपटा कैसे जाए। कोई आपात कदम, कुछ छोटी अवधि की योजनाएं, इसे नियंत्रित कैसे किया जाए?

### पटाखों और उद्योगों के प्रदूषण का मुद्दा भी उठा

चीफ जस्टिस ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, प्रदूषण में कुछ हिस्सा पराली जलने का हो सकता है, लेकिन बाकी दिल्ली में जो प्रदूषण है वो पटाखों, उद्योगों और धूल-धुएं की वजह से है। हमें तत्काल इसे नियंत्रित करने के कदम बताएं। अगर जरूरत पड़े तो दो दिन का लॉकडाउन या कुछ और कदम लीजिए। ऐसी स्थिति में आखिर लोग जिएंगे कैसे? सीजेआई के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, कोरोना महामारी के बाद स्कूल भी खोल दिए गए हैं। हमने अपने बच्चों को इस स्थिति में खुला छोड़ा है। डॉक्टर गुलेरिया कहते हैं कि जहां प्रदूषण है, वहां ये महामारी है। हालांकि, इस पर सॉलिसिटर ने कहा कि आज ही सरकार की एक बैठक प्रस्तावित है। सरकार भी इस मामले पर जागरूक है।

## फटाफट खबरें



### महबूबा ने भाजपा-आरएसएस को बताया सांप्रदायिक संगठन

**जम्मू।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी मुखिया महबूबा मुफ्ती शनिवार को जम्मू स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा देश में हिंदू और मुसलमानों में झगड़ा करवा कर सियासत कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की विवादित किताब पर भी महबूबा मुफ्ती ने प्रतिक्रिया दी। पीडीपी मुखिया ने कहा कि भाजपा और आरएसएस दोनों सांप्रदायिक संगठन हैं। दोनों ने हिंदुत्व और हिंदू धर्म को हाईजैक कर लिया है। जो पार्टियां हिंदुओं और मुसलमानों के बीच संघर्ष चाहती हैं, उनकी तुलना न केवल आईएसआईएस से बल्कि इसी तरह के अन्य संगठनों से भी की जा सकती है, क्योंकि वे धर्म के नाम पर लोगों को मारते हैं। ।

### धमकियों से घबराईं पाक क्रिकेटर हसन अली की भारतीय पत्नी

**दुबई।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान की हार के लिए हसन अली को दोषी मना जा रहा है। हसन अली ने 19वें ओवर में मैथ्यु वेड के कैच छोड़ा और इसके बाद ही उन्होंने लगातार 3 छक्के लगाकर मैच का रुख बदल दिया था। अब हसन अली और उनकी भारतीय मूल की पत्नी सामिया आरजू सामने आई हैं और अपना दर्द बयां किया है। सामिया ने कई ट्वीट किए हैं। उन्होंने लिखा है, क्रिकेट प्रशंसकों की निराशा मैं समझ सकती हूं, लेकिन यह खेल का हिस्सा है। ।

### भारत में 24 घंटे में कोरोना के 11,850 नए केस, 555 मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना महामारी का प्रभाव बीते कुछ महीनों में कम जरूर हुआ है, लेकिन इससे होने वाली मौतों की संख्या फिर से बढ़ने लगी है। पिछले 24 घंटे में ही देश में कोरोना के 11 हजार 850 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, 555 नई मौतें दर्ज की गईं। इसे अगर आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए, तो पिछले दो दिन में मृतकों की संख्या में करीब 63 फीसदी का उछाल आया है। दरअसल, बुधवार से गुरुवार के बीच देश में कुल 340 लोगों की मौत दर्ज की गई थी, जबकि एक दिन पहले यह आंकड़ा करीब 50 फीसदी बढ़कर 501 पर आ गया था। अब पिछले 24 घंटे में कोरोना के मामले शुक्रवार से 10 फीसदी और गुरुवार के आंकड़ों से 63 फीसदी ज्यादा हैं।

### जेडीयू नेता बोले आजादी में बहुत बड़े स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्ना

**पटना।** मोहम्मद अली जिन्ना को लेकर एक बार फिर से राजनीति शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से शुरू हुई यह आग अब बिहार का रुख कर चुकी है। हाल ही में अखिलेश यादव ने जिन्ना को लेकर विवादास्पद बयान दिया था, इसके बाद बिहार में जेडीयू के एमएलसी खालिद अनवर ने जिन्ना को बड़ा स्वतंत्रता सेनानी बताया है। खालिद अनवर ने अपने बयान में कहा कि- जिन्ना संयुक्त भारत की आजादी के लिए बहुत बड़े स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्ना पहली कतार के स्वतंत्रता सेनानी थे। देश की आजादी के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की और इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए।

## बालाघाट में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बालाघाट।** बैहर थाना क्षेत्र के मालखेड़ी गांव में एक दर्जन से अधिक हथियार बंद नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की मुखबिरी के संदेह में हत्या कर दी। मामले की जानकारी पुलिस को लगने के बाद क्षेत्र में सर्चिंग तेज कर दी है।



### घर से उठाकर जंगल ले गए थे नक्सली

प्राप्त जानकारी के अनुसार मालखेड़ी निवासी संतोष गोंड और जगदीश यादव अपने अपने घरों में सो रहे थे। शुक्रवार की रात करीब 11 से 12 के बीच नक्सली गांव के अंदर पहुंचे और दोनों को उनके घरों से उठा कर ले गए। जिसके बाद उन्होंने दोनों को समीप के ही जंगल में गोली मारकर हत्या कर दी हैं। इस वारदात के बाद जहां मालखेड़ी गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। वहीं पुलिस ने सर्चिंग तेज कर दी हैं।के कारण कोई फेरबदल नहीं हो पाया है। इससे विधायकों का एक गुट नाराज भी रहा है। ऐसे में कांग्रेस इस अंदरूनी कलह को खत्म करने के लिए पायलट समर्थित विधायकों को कैबिनेट में जगह देना चाहेगी।



### हबीबगंज रेलवे स्टेशन अब कहलाएगा रानी कमलापति स्टेशन

**भोपाल।** केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश सरकार के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर आदिवासी रानी- रानी कमलापति के नाम पर रखने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रानी कमलापति गोंड समुदाय का गौरव थीं। वह आखिरी हिंदू रानी थीं। इससे पहले, मध्य प्रदेश सरकार ने राजधानी भोपाल में स्थित हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने के लिए केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी थी। प्रस्ताव के मुताबिक, शिवराज सरकार इस स्टेशन का नाम बदलना चाहती थी। इसके लिए गृह मंत्रालय को चिट्ठी लिखी गई है और बिना किसी देरी के नाम बदलने का अनुरोध किया गया है। गृह मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजा था, जिसने इस संबंध में औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है।

### भाजपा के बंद के दौरान पत्थरबाजी और लाठीचार्ज

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में शनिवार को भाजपा की तरफ से बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क उठी। यहां कुछ शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी को अंजाम दिया, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां बरसाईं। फिलहाल जिले में धारा 144 लगाने का एलान कर दिया गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने यह बंद कल हुई घटना के खिलाफ बुलाया था। पिछले महीने त्रिपुरा में हुई हिंसा के खिलाफ महाराष्ट्र के अमरावती में शुक्रवार को कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने दुकानों पर पथराव कर दिया था, जिसके बाद इलाके के कई हिस्सों में तनाव फैल गया। भाजपा ने हिंसा के खिलाफ बंद का आह्वान किया था।

## जनजागरण : कांग्रेस की पूरे देश में पदयात्रा

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आज मीडिया से बात की उन्होंने बताया कि एआईसीसी ने जन जागरण अभियान के लिए 12 नवंबर को महाराष्ट्र के वर्धा में एक ट्रेनिंग हुई जिसमें हर राज्य के 5 कार्यकर्ताओं को अभियान के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। श्री सिंह ने बताया कि जन जागरण अभियान के तहत प्रदेश के सभी नेता पदयात्रा करेंगे और उन्ही क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करेंगे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई आंदोलन आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह समूचे देश मे महंगाई को लेकर 14 नवंबर से शुरू होने वाले जन जागरण अभियान की रूप रेखा साझा कर रहे थे पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह ने आज प्रदेश कांग्रेस



कार्यालय भोपाल में यह जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि ये 5 प्रशिक्षु हर राज्यों में 14 नवंबर तक हर लोकसभा में अभियान के संबंध में 10 कार्यक्रताओं को प्रशिक्षण देंगे। लोकसभा क्षेत्रों के वे 10 प्रशिक्षित कार्यकर्ता कमलनाथ के नेतृत्व में बनाये गए सेक्टरों और मंडलम के चुने हुए कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देंगे। और समूचे देश मे इसी तरह 14 नवंबर तक ट्रेनिग प्रोग्राम चलेंगे। जन जागरण अभियान के तहत प्रदेश के सभी नेता पदयात्रा करेंगे और उन्ही क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करेंगे। लोकसभा क्षेत्रों के वे 10 प्रशिक्षित कार्यकर्ता कमलनाथ के नेतृत्व में बनाये गए सेक्टरों और मंडलम के चुने हुए कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देंगे। पीसी शर्मा को इस अभियान का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

## अमित शाह बोले- मुझे गुजराती से ज्यादा हिंदी भाषा पसंद



**वाराणसी।** वाराणसी के हस्तकला संकुल में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को राजधानी दिल्ली से बाहर करने का निर्णय हमने वर्ष 2019 में ही कर लिया था। कोरोना काल की वजह से हम नहीं कर पाएं, लेकिन आज मुझे खुशी हो रही है कि ये नई शुभ शुरुआत आजादी के अमृत महोत्सव में होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अमृत महोत्सव, देश को आजादी दिलाने वाले लोगों की स्मृति को फिर से जीवंत करके युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए तो है ही, ये हमारे लिए संकल्प का भी वर्ष है। श्री शाह ने कहा कि हिंदी और हमारी सभी स्थानीय भाषाओं के बीच कोई अंतर्विरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे गुजराती से ज्यादा हिंदी भाषा पसंद है। हमें अपनी राजभाषा को मजबूत करने की जरूरत है।

### हमीदिया के डाक्टर ने युवती को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** राजधानी में कोहेफिजा थाना पुलिस ने इंदौर की एक महिला डाक्टर की शिकायत पर हमीदिया अस्पताल के एक डाक्टर के खिलाफ बंधक बनाकर, मारपीट करने और दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पीड़िता का उससे सात साल पहले परिचय हुआ था। आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक इंदौर निवासी 29 वर्षीय महिला पेशे से डाक्टर है। महिला ने शिकायत में पुलिस को बताया कि वर्ष 2014 में उसका परिचय डाक्टर राहुल कनाडे से हुआ था। उनके बीच नजदीकी संबंध थे।

## बिन मौसम बाढ़ से बेहाल तमिलनाडू

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई व अन्य हिस्सों में सप्ताह भर से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह तितर-बितर कर दिया है। लोगों के पास रहने का ठिकाना नहीं बचा है, जानवरों को खिलाने को नहीं है और तो और जलभराव के कारण अब जंगली जीवों को खतरा भी बढ़ गया है। अधिकारियों के अनुसार तमिलनाडु में बारिश के कारण अब तक कम से कम 14 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश का असर यह पड़ा है कि बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। पूरे तमिलनाडु में अब तक 15 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया गया है, इन्हें 290 से अधिक राहत केंद्रों में रखा गया है। वहीं सिर्फ चेन्नई में ही 3,428 लोगों को बचाया है। राहत कार्य के लिए पूरे राज्य में तमिलनाडु पुलिस ने अपने 75,000 कर्मियों को तैनात किया है। इसके अलावा तटीय सुरक्षा समूह के 350 कर्मियों, 250 सदस्यीय विशेष बल व 364 होमगार्डों को भी राहत कार्य में लगाया गया है।









# आज महिलाएं मना रही आंवला नवमीं

## पूजन,परिक्रमा कर सौभाग्य व समृद्धि की कामना



**जबलपुर।** सुख-सौभाग्य व समृद्धि की कामना के लिए आज आंवला नवमीं धूमधाम से मनाई जा रही है। नगर में अनेक जगहों पर महिलाएं सामूहिक पूजा-पाठ करते हुए संतान की दीघार्यु, सुख-सौभाग्य व समृद्धि की मंगल कामना के साथ आंवले के वृक्ष परिक्रमा कर रहीं हैं। इसे अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि आज महिलाएं सिंघाड़े, पिंडखजूर, छुआरे , मखाने या अन्य फल से आंवले के वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाती हैं। साथ ही वृक्ष की जड़ को दूध व जल अर्पित करती हैं। पूजन के बाद महिलाएं बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेती हैं। आंवला नवमी में इस बार पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 8ः00 बजे से शुरू हुआ जो शाम 4.30 तक है। उनका कहना है कि इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे पूर्व दिशा में बैठकर पूजन कर उसकी जड़ में दूध देना चाहिए। पेड़ के चारों ओर कच्चा धागा बांधकर कपूर बाती या शुद्ध घी की बाती से आरती करते हुए सात बार परिक्रमा करनी चाहिए। महिलाएं पूजन के बाद आंवले के नीचे ही भोजन करती हैं।

### इसलिए किया जाता है आंवला नवमी पूजन

भगवान शिव व भगवान विष्णु आंवला नवमीं के पूजन से प्रसन्न होते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी का भ्रमण कर रही थीं। वह एक साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करना चाहती थीं। लेकिन भगवान विष्णु और भगवान शिव की एक साथ पूजा करना असंभव था। तब उन्हें ध्यान आया कि तुलसी और बेल दोनों के ही गुण आंवले में पाए जाते हैं। क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को और बेल भगवान शिव को अतिप्रिय है। इसके बाद माता लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु और भगवान शिव का प्रतीक मानकर उसकी पूजा की। इसके बाद दोनों ने ही माता लक्ष्मी को दर्शन दिए। मान्यता है कि आंवले के पेड़ के नीचे ही बैठकर भोजन किया जाता है। यदि ऐसा संभव न हो सके तो इस दिन भोजन में आंवले का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। **फोटो: अशोक बर्मन**

# देवउठनी एकादशी 15 को शुरू होंगे मांगलिक कार्य



### माँ मक्रवाहिनी महाआरती 15 को

जबलपुर। माँ मक्रवाहिनी मंदिर पान दरीबा जबलपुर में देव उठनी ग्यारस पर 15 नवम्बर सोमवार को महाआरती का आयोजन सांय 7.30 बजे किया। कोविड-19 के चलते महाआरती का आयोजन सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुये संपन्न होगा। सभी श्रद्धालुओ एवं दर्शनार्थियों से आग्रह है कि, सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुये महाआरती में सम्मिलित हों।

**जबलपुर। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी की तिथि को देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इस दिन भक्त सुख और समृद्धि के लिए भगवान विष्णु की आराधना करते हैं। इस दिन जातक व्रत भी रहते हैं।**

- कार्तिक, शुक्ल एकादशी प्रारंभ- 15 नवंबर सुबह 9 बजे
- कार्तिक शुक्ल एकादशी समाप्त- 16 नवंबर सुबह 08. 51 बजे

देवउठनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है। यह दिवस शादी के लिए बेहद शुभ माना गया है। लोग तुलसी विवाह भी करते हैं। इस बार एकादशी तिथि 15 नवंबर को है। इस दिन से सभी तरह के मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन चातुर्मास समाप्त होता। मान्यताओं के अनुसार चतुर्मास में भगवान विष्णु आराम करते हैं। इस वर्ष 20 जुलाई से चातुर्मास की शुरुआत हुई थीं। शास्त्रों के अनुसार इस दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं।

### देवउठनी एकादशी का महत्व

देवउठनी एकादशी तिथि से चतुर्मास अवधि खत्म हो जाती है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान विष्णु शयनी एकादशी को सो जाते हैं। वह इस दिन जागते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन जातक सुबह जल्द उठकर स्वस्छ वस्त्र पहनते हैं। भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। शास्त्रों के अनुसार विष्णुजी के अवतार भगवान श्रीकृष्ण ने एकादशी को देवी वृंदा (तुलसी) से शादी की थीं। इस साल तुलसी विवाह 15 नवंबर को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन से विष्णु सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं।

### देवउठनी एकादशी मुहूर्त पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। पास के किसी मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन कर प्रसाद अर्पित करें। घर के पूजा घर में साफ-सफाई कर दीप प्रज्वलित करें। देवउठनी एकादशी पर गंगा जल से भगवान विष्णु और तुलसी दल अर्पित करें। इस दिन व्रत रखने और मंत्र (ऊं नमो भगवते वासुदेवाय) का जाप करें।

# गुरूनानकदेव प्रकाशोत्सव 19 नवम्बर को

## नगर कीर्तन जुलूस स्थगित निषानसाहब सेवा 14 को



**जबलपुर** । समग्र विश्व में इंसानी भाईचारा, मानवता और विश्व शान्ति का इलाही पैगाम देने वाले सिक्ख धर्म के प्रवर्तक जगतगुरू श्री गुरूनानकदेव जी का पवित्र 552वॉ शताब्दी प्रकाशोत्सव 19 नवम्बर शुक्रवार को गुरूनानकदेव की चरण-रज से पावन गुरूनानकस्थली गुरूद्वारा मढ़ाताल में धूमधाम से मनाया जायेगा। मीड़िया प्रभारी स. प्रदीपसिंह भोगल ने बताया कि कोरोना काल के चलते इस बार परम्परागत नगरकीर्तन जुलूस नहीं निकाला जायेगा। इसके स्थान पर पंजप्यारों की अगुवाई में 19 नवम्बर को भोरवेला में प्रातः 5.30 बजे वृहत प्रभातफेरी गुरूद्वारा गोरखपुर से निकाली जायेगी जो गोरखपुर बाजार, छोटी लाइन फाटक, शास्त्रीब्रिज होती हुई प्रातः 9 बजे गुरूद्वारा मढ़ाताल में समाप्त होगी। 14 नवम्बर को प्रातः 9 बजे मढ़ाताल में निषानसाहिब के चोले की सेवा होगी। पर्व के तहत यहां श्रीगुरुग्रंथ साहिब के श्रृखंलाबद्ध अखंडपाठ भी आरंभ हुये। प्रधान साहब स. प्रतापसिंह विरदी व महामंत्री स. गुरदेवसिंह रील बन्टू भैया ने बताया कि गुरूनानक जयन्ती पर देष के मषहूर रागी जत्थे व प्रचारकगण ज्ञानी गुरूमीत सिंह यूएसए (अमेरिका), रागी जत्था भाई दलजीत सिंह पोंटासाहिब वाले, अंखड कीर्तनी जत्था ज्ञानी इकबाल सिंह, ज्ञानी नरिन्दर सिंह, ज्ञानी राहुल सिंह आदि शिरकत करेंगे। गुरूपर्व समिति ने साध संगत से उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की है। नगर के विभिन्न गुरूद्वारों और खालसा विद्यालयों में जयन्ती पर विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला आरंभ हो गया है।

### बिरसा मुंडा जयंती

## दिग्विजय , कमलनाथ आयेंगे



**जबलपुर** । अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ द्वारा बिरसा मुंडा जंयती पखवाड़ा के तहत 1 से 15 नवम्बर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पखवाड़ा के समापन पर बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को बिरसा मुण्डा को भावांजलि देने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ का नगरागमन हो रहा है। बिरसा मुण्डा जयंती का कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि के जवाहर स्टेडियम में 10 बजे आयोजित किया गया है। साथ ही बिरसा मुण्डा प्रतिमा स्थल अधारताल तिराहा में पुष्पांजलि कार्यक्रम भी होगा। शुक्रवार को की आदिवासी शबरी महासंघ जबलपुर मध्य प्रदेश के तत्वावधान में बिरसा मुंडा दूसर की प्रतिमा में प्रातः 9-30 बजे मुख्यातिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबू विश्वमोहन होती एवं सुश्री कौशल्या गोंटिया, पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा दीप जिस प्रज्जलन कर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सुमित्रा गोंटिया सफ रोशनलाल कोल, जेठूलाल कोल, कुंजीलाल गोटिया, मगन सिंह भूमिया अपी , जीतेंद्र गोटिया, शिव कुमार गोटिया, बृजलाल बरकड़े, श्रीमति अनिता कुम गोंटिया, बलवीर गोंटिया वाल्मिक कोल आदि उपस्थित थे।

# अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यालय का उद्घाटन





**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 67वे राष्ट्रीय अधिवेशन के कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम एवं दीपावली मिलन समारोह निरंजन विहार,पचपेढ़ी में आयोजित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि आगामी 24 से 26 दिसम्बर 2021 को अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें पूरे देश भर से प्रतिनिधि इस अधिवेशन में पधारकर लघु भारत के दर्शन करेंगे। अधिवेशन कार्यालय उद्घाटन के मंचीय कार्यक्रम में

### 24 दिसम्बर से राष्ट्रीय अधिवेशन

मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे,अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री मंत्री गंजेंद्र तोमर,डॉ. जितेंद्र जामदार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य रघुराज किशोर तिवारी, प्रांत मंत्री सुमन यादव, महानगर अध्यक्ष अजय सोनकेसरिया एवं महानगर मंत्री माखन शर्मा मंचासीन रहे। प्रांत संघ चालक प्रदीप दुबे ने भारत के गौरवान्वित इतिहास के बारे सभी को बताया और कहा कि पाठ्यक्रमों में भी इसका समावेश होना चाहिए ।राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र तोमर ने कहा कि अभाविप स्वाधीनता के 75 वर्ष में इंटर्निशप के माध्यम से ज्ञात,अज्ञात स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के बलिदान को विश्व पटल पर लाने का काम करेगा। कार्यालय का उद्घाटन शहर के सभी गणमान्य नागरिक, एवं पूर्व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ ,मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता प्रदेश सह मंत्री सर्वम सिंह राठौर, कृषि प्रमुख शुभम पटेल उपस्थित रहे ।

# मधुमेह देखभाल तक पहुंच- यदि अभी नहीं, तो कब



### जबलपुर सैन्य छावनी में एक सुव्यवस्थित कार्यक्रम

**जबलपुर।** विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर को बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है । विश्व मधुमेह दिवस स्वयंफ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन को चिह्नित करता है जिन्होंने इस विचार की कल्पना की जिसके कारण 1922 में इंसुलिन की खोज हुई । वर्ष 2021 का थीम है, मधुमेह देखभाल तक पहुंच- यदि अभी नहीं, तो कब मधुमेह की रोकथाम के लिए स्वस्थ आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जबलपुर सैन्य छावनी में एक सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया। गतिविधियों की शुरूआत फिटनेस प्लानेट से एक समूह शारीरिक गतिविधियों के रूप में शुरू हुई जिसमें दौड़, चलना और साइकिल चलाना शामिल था। इस कार्यक्रम को लेफ्टिनेंट जनरल एस मोहन, एसएम, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत क्षेत्र द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महिलाओं और बच्चों सहित 300 से अधिक व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाद में शाम को सैन्य अस्पताल में एक चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए व्याख्यान और विचार-विमर्श किया गया। पूरे कार्यक्रम को अच्छी तरह से समन्वित और प्रबंधित किया गया। एक साथ हम मधुमेह का प्रबंधन कर सकते हैं । यह इस पूरे कार्यक्रम का टेक होम संदेश हैं।



# ओ एफ के मे अमृत महोत्सव पर वेबीनार संपन्न

**जबलपुर यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया में एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें एम.एच.ए.के यूनिट ऑफिसर डिफेंस पीएसयू के ऑफिसर के साथ अन्य सिस्टर फैक्ट्रियों के भी सभी आला अधिकारियों ने शिरकत की। इस वेबीनार में आयुध निर्माणी खमरिया ने अपने उत्पाद एवं स्वदेशी करण के विषय में विस्तृत जानकारी देने के साथ आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ाई जा रहे मॉर्डनाइजेशन एवं सुरक्षा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी जानकारी दी। साथ ही साथ निर्माणी के कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2021 में खेल जगत में प्राप्त उपलब्धियों के साथ स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी जानकारी दी इस अवसर पर संयुक्त महाप्रबंधक वाय.के.सिंह डी.जी.एम. राजेंद्र कुमार डब्ल्यू.एम.आरके बेहरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे !

# बादल ने बढ़ाया तापमान

**जबलपुर** । स्थानीय बादलों की आमद के कारण मौसम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिससे तापमान ने अचानक दो डिग्री की उछाल मारी है। लेकिन नमी भरी हवाओं के कारण रात में ठंडक बनी हुई है। अंडमान में सक्रिय चक्रवाती हवाओं के कारण पश्चिमी विक्षोभ के आसार भी बन रहे हैं। यदि सिस्टम मजबूत बना रहा तो अगले 48 घंटों के दौरान जबलपुर में बूंदबादी हो सकती है फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान पर स्थानीय बादलों ने डेरा जमा लिया है। बादलों की वजह से तापमान में उछाल आई है। मौसम कार्यालय की माने तो अंडमान निकोबार से आगे बढ़ रहा पश्चिमी विक्षोभ यदि मजबूत बना रहा तो आने वाले दिनों में बारिश की संभावना बन सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 28.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 13.06डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। आज सुबह के तापमान में 4.2 डिसे की बढ़ोत्तरी हुई। प्रातः काल आद्रता 69 प्रतिशत आंकी गई उत्तरी पूर्वी हवायें 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

# मां नर्मदा आज शाम 4-4 चुनरियों से विशेष श्रृंगार

जबलपुर । श्री हैहय वंशीय क्षत्रिय ताम्रकार कसेरा समाज के राष्ट्रीय संगठन के अधीन कार्यरत मप्र ताम्रकार महिला संगठन की प्रांतीय सभा की अहम बैठक आज जबलपुर में आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में ताम्रकार कसेरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री के साथ अनेक राष्ट्र स्तरीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। मप्र ताम्रकार महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा पंडा ताम्रकार ने बताया कि आमसभा में प्रदेश के प्रायः हर जिले से महिला संगठन पदाधिकारी अपने दल के साथ शिरकत कर रही हैं। प्रांतीय सभा की बैठक प्रातः 8 बजे ग्वारीघाटस्थित अग्रवाल धर्मशाला में आरंभ हुई। इस बैठक में महिलाओं और युवतियों की सामाजिक दशा और दिशा, उनके उन्नयन, रोजगार के अवसर, सामाजिक समानता, शिक्षा और राष्ट्रीय उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका पर मंचन चिंतन और मनन किया जाएगा। प्रांतीय सभा को ताम्रकार कसेरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त होगा वहीं प्रदेश के ओर छोर से आयी जागरूक बहिनों द्वारा महत्त्वपूर्ण सुझाव और प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए जायेंगे। श्रीमती प्रतिभा पंडा एवं श्रीमती रमा ताम्रकार श्रीमती प्रीति ताम्रकार, नंदा वर्मा, प्रमिला ताम्रकार ने बताया कि आज सांयकाल 4 बजे मध्य प्रदेश की सबसे विशाल अनूठी अभिनव सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम की आयोजना की गई है। श्री अग्रवाल धर्मशाला से गाजे बाजे के साथ चुनरी शोभायात्रा निकाली जाएगी जो क्षेत्र के प्रमुख मार्ग से साकेतधाम के मुख्य द्वार ग्वारीघाट झंडा चौक थाना से होते हुए उमाघाट पहुंचेगी जहां सुमधुर गीत संगीतांजलि की धुनों के मध्य पतित पावनी मां नर्मदा को 1100 साड़ियों कीचार चार चुनरिया माताजी को नर्मदा को समर्पित की जाएगी। 40 से अधिक नावों में बैठे मल्लाह और समाज के कार्यकर्ताओं के सहयोग से या नर्मदा को पूर्ण श्रद्धा भक्ति समर्पण के साथ विधि विधानपूर्वक चुनरियां समर्पित की जावेगी ।

# अप-डाउन करने वाले यात्रियों के लिए सीजन टिकट बहाल

**जबलपुर,** । जबलपुर रेल मंडल में चलने वाली गाड़ियों सहित भोपाल एवं कोटा मंडल की तीन गाड़ियों में अब अप-डाउन करने वाले यात्रियों के लिए पश्चिम मध्य रेल ने मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की सुविधा बहाल की है। जिसके तहत् अब अप-डाउन करने वाले रेल यात्री मासिक अथवा त्रिमासिक किफायती टिकट अधिसूचित की गई पैसेंजर गाड़ियों में यात्रा करने के पात्र होंगे इसके पूर्व इस तरह की टिकट पर मेमू ट्रेन में ही यह सुविधा हाल ही में शुरू की गई थी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य् प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर मंडल की जबलपुर-रीवा शटल गाड़ी नं. 01705/06, कटनी- बरगवां ट्रेन नं. 06623/24 तथा इटारसी से जबलपुर होकर प्रयागराज जाने वाली ट्रेन नं. 01117 के साथ भोपाल मंडल की गुना ग्वालियर गाड़ी नं. 01883/84, कोटा मंडल की पैसेंजर गाड़ी नं. 05913/14 एवं 09802 में भी एमएसटी टिकटधारी यात्रियों को सामान्य श्रेणी के डिब्बे में यात्रा की अनुमति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर-रीवा शटल में कटनी की दिशा में अप-डाउन करने वाले यात्रियों की संख्या सर्वाधिक होती है जिसे देखते हुए रेल प्रशासन ने इस गाड़ी सहित शेष अन्य पांच गाड़ियों में भी एमएसटी की सुविधा 12 नवम्बर से प्रारंभ कर दी है।

# नये पदाधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारी



**जबलपुर।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की अवधेश तिवारी की अनुशंसा पर अर्वेन्द्र राजपूत द्वारा संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से संगठन के वरिष्ठ सदस्यों श्री विजय गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, के.पी.दुबे, जिला उपाध्यक्ष श्री एम.एल.शर्मा जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गय है। उक्त तीनों सदस्य वर्षों से संगठन में आस्था रखते हुए ईमानदारी से जुड़े हैं तथा इनके द्वारा हर आन्दोलन, धरना प्रदशन में अपनी सहभागित दी है। इनके इसी अनुभव एवं संगठन के प्रति लगाव को देखते हुए संघ में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इनके मनोनयन पर कर्मचारियों द्वारा फूल-माला एवं मिष्ठान खिालकर हर्ष व्यक्त किया गया ।इस अवसर पर संघ के मंसूर बेग, मुकेश सिंह, आशुतोष तिवारी, मुन्ना लाल पटैल, सुरेन्द्र जैन, सुनील जैन,राकेश उपाध्याय, प्रकाश जैन, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, ब्रजेश मिश्रा, हाजी शकिल अंसारी, संतोष श्रीवास्तव, श्यामनारायण तिवारी, प्रियांशु शुक्ला, नितिन शर्मा, मनोज सेन, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी, संतोष तिवारी विनय नामदेव, मनीष लोहिया, प्रणव साहू मनीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## परीक्षा के नाम पर सैकड़ों शिक्षकों का भविष्य दांव पर

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने से बताया की लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा आदेश जारी कर सीएम राइस स्कूलों में शिक्षकों के चयन हेतु परीक्षा देना अनिवार्य कर दिया गया है यह शिक्षकों के साथ बड़ी ही विडंबना है कि प्रशिक्षित होने और वर्षों से पढ़ाने का अनुभव होने के बावजूद उन्हें अपनी योग्यता को साबित करने हेतु परीक्षा पास करना पड़ेगा तब कहीं जाकर उन्हें सीएम राइस स्कूलों में पढ़ाने का अवसर मिलेगा। यह शिक्षकों के साथ सरासर ज्यादती है और उन्हें मानसिक प्रताड़ति करने के साथ ही उनकी शैक्षणिक योग्यता पर सवालिया निशान खड़ा करना है। जिससे शिक्षक हैरान ,परेशान, हलाकान, है कि विभाग द्वारा ऐसा तुगलकी आदेश कैसे निकाला जा सकता है ।संघ ने आगे बताया कि टीचिंग एक कला है जो परीक्षा देने या पास करने से नहीं मिलती यह तो मेहनत करने और लंबे समय तक शैक्षणिक कार्य करने से आता है। ऐसे में यदि कोई शिक्षक परीक्षा पास कर ले तो वह अच्छा शिक्षक साबित नहीं हो सकता ना ही अच्छी तरह से विद्यार्थियों को पढ़ा सकता ह

# पर्यावरण, प्रकृति, संतति का संरक्षण,संवर्धन सबकी जिम्मेदारी -डॉ. बिसेन

**जबलपुर** । क्षेत्रीय जैविक खेती केन्द्र, जबलपुर द्वारा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से ''जैविक खेती एवं बहुपरतीय खेती'' विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 100 कृषकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय ऑर्गेनिक फार्मिंग एवं मल्टीलेयर फार्मिंग के माध्यम से किस तरह जैविक खेती टिकाऊ खेती एवं ऋषि खेती की जा सकती है ताकि भूमि का सुपोषण संरक्षण हो सके और हमारे किसान भाई अधिक से अधिक उत्पादन के साथ पर्यावरण, प्रकृति एवं मिट्टी का स्वास्थ बरकरार रख सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने अपने मुख्य आतिथ्य में कहां की आज पर्यावरण, भूमि, प्रकृति एवं संतति का संरक्षण एवं संवर्धन हम सब की महती जिम्मेदारी है आपने बताया कि जैविक खेती के माध्यम से हम भूमि, वायु एवं जल को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं एवं आम जनमानस को होने वाली अनेक समस्याओं से बचाया जा सकता है उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय जैविक खेती केंद्र जबलपुर के निदेशक डॉ. अजय राजपूत ने वर्तमान में जैविक खेती की महत्ता एवं मल्टीलेयर फार्मिंग की आवश्यकता पर जोर दिया मंचासीन अतिथि जवाहरलाल नेहरू



### एक एकड़ में कृषक बहुपरतीय फस्लोत्पादन से दस लाख रुपये प्रतिवर्ष कमा सकते हैं

कृषि विश्वविद्यालय के प्रमंडल सदस्य डॉ. बृजेश अर्जरिया, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर शर्मा, संयुक्त संचालक कृषि श्री के.एस. नेताम, प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत और बहुपरतीय खेती को अस्तित्व में लाने वाले आकाश चौरासिया, भारत कृषक समाज के चेयरमैन डॉ. के. के. अग्रवाल, भारतीय वन सेवा, केरल जोन के फनीन्द्र राव, जनेकृविवि की जैव उर्वरक उत्पादन इकाई के प्रमुख डॉ. एन. जी. मित्रा, ममत्व सेवा संस्थान के संचालक दीपक पचौरी एवं दीपक पारी, जे.खे.क., जबलपुर के सहायक निदेशक डॉ. ए.के. शुक्ला जबलपुर उपस्थित थे। आकाश चौरसिया द्वारा बहुपरतीय जैविक खेती पर विस्तार से कृषकों को बताया और यह भी बताया कि एक एकड़ में कृषक बहुपरतीय फस्लोत्पादन से दस लाख रुपये प्रतिवर्ष कमा सकते हैं। इसके साथ ही जैव विविधता और गौ-पालन पर भी जोर दिया। फनीन्द्र राव, आई.एफएस. द्वारा कहा गया कि जैविक खेती आज की आवश्यकता है और वातावरण को स्वस्थ रखने में जैविक खेती का महत्वपूर्ण स्थान है। श्री राव द्वारा यह भी कहा गया कि आज के नौनिहालों को जैविक अन्न, फल, सब्जियाँ खिलाने की आवश्यकता है क्योंकि यह हमारे भविष्य के किसान वैज्ञानिक या बड़े अधिकारी बनेंगे। ब्रजेश अरजरिया ने कहा कि वे स्वयं कृषि विश्वविद्यालय से अध्ययन कर किसानों की सेवा करना अपना उद्देश्य बनाया और श्री अरजरिया कई तरीकों से किसानों की सेवा भी कर रहे हैं, इनके द्वारा कार्यक्रम की प्रषंसा की गई और कहा लगातार होते रहना चाहिये। भारत कृषक समाज के चेयरमैन इजि. के.के. अग्रवाल ने कहा कि किसानों को जैविक खेती की ओर अग्रसर करने हेतु जब तक जीवित हैं कृषकों के लिये कार्य करते रहेंगे। डॉ. एन.जी. मित्रा, जैव उर्वरक उत्पादन केन्द्र के प्रमुख द्वारा रबी के मौसम में प्रयोग होने वाले जैव उर्वरकों और उनके उपयोग के तरीकों की जानकारी दी।

## पति की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम को दी एक लाख रूपये की राशि



**जबलपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम को 81 वर्षीय श्रीमती मनोरमा गुप्ता ने पति स्व. श्री शिवचरण लाल की 11वीं पुण्यतिथि पर एक लाख रूपये की राशि प्रदान की है। गणेश मंदिर के पास प्रेमनगर गुप्तेश्वर निवासी श्रीमती मनोरमा गुप्ता ने वृद्धाश्रम को दी गई इस राशि का चेक आज शुक्रवार को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा को सौंपा। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित भी मौजूद थे।

### स्मार्ट सिटी में धीमी गति से कार्य करने वाले सभी ठेकेदारों को नोटिस जारी

# शहर के सभी एन्ट्री प्वाईन्टस् को बनाया जाएगा सुन्दर

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में अनेकों जनोपयोगी विकास के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत स्मार्ट रोडों का निर्माण, फुटपाथ का निर्माण, मल्टी स्पोर्टस् का निर्माण, ओपन थियेटर का निर्माण, एन.एम.टी. के साथ-साथ अन्य परियोजनाओं के कार्य किये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा आज स्मार्ट सिटी कार्यालय में कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी के चेयरमेन कर्मवीर शर्मा ने स्मार्ट सिटी के सभी बड़ी परियोजनाओं तथा अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो की समीक्षा की।




समीक्षा बैठक में निगमायुक्त एवं कार्यपालिक निदेशक संदीप जी.आर., स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत, सहायक आयुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री नीवन लोनारे, शिवेन्द्र सिंह, बाहुवली जैन, के साथ-साथ स्मार्ट सिटी के सभी तकनीकी अधिकारी एवं ठेकेदार, कंसल्टेंट उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि शहर के सभी एन्ट्री प्वाइंटस को सुन्दर तरीके से विकसित किया जाये, ताकि बाहर से शहर के अंदर आने जाने वाले लोगों पर उसका प्रभाव हो सके और वातावरण स्वच्छ दिखाई दे सके। इसके लिए उन्होंने सभी एन्ट्री प्वाइंटस् को सुन्दर बनाने के निर्देश दिये। बैठक में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्माणाधीन सभी सड़कों के निर्माण की भी प्रगति की जानकारी, इस दौरान उन्होंने देखा की अधारताल से बिरसामुंडा तक सड़क निर्माण का कार्य धीमी गति से हो रहा है, जिसके कारण वहाँ के ठेकेदार को नोटिस जारी

**सभी कार्यो को प्रोफेशनल तरीके से पूर्ण करने कलेक्टर ने ठेकेदारों को दिये कड़े निर्देश**

### अमखेरा रोड का निर्माण मार्च 2022 तक पूर्ण करने की हिदायत

करने के निर्देश देते हुए यह भी निर्देशित किया गया कि 2 किलो मीटर की रोड का निर्माण इस माह के अंत तक हर हॉल में पूर्ण किया जाये। इसी प्रकार अमखेरा रोड की भी समीक्षा की गयी और निर्माण कार्यो पर संतोषजनक प्रगति होने पर मार्च 2022 तक रोड निर्माण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए इस मार्ग पर उतम विद्युत व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। स्मार्ट रोड के निर्माण कार्यो की समीक्षा के उपरांत भटौली विसर्जन स्थित ओपन थियेटर निर्माण की जानकारी ली जिसपर संतोषजनक स्थिति न होने पर मेसर्स बसुन्धरा कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के भी हिदायत दी। बैठक में उन्होंने फ्लाई ओव्हर के नीचे एवं किनारे स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए जा रहे फुटपाथ के निर्माण में भी अन्य विभागों से समन्वय बनाकर तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने भारत सरकार के निर्देशानुसार स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित अन्य कार्यो की सराहना की और जिसप्रकार से पिछले महिने सभी चैलेंजेज को उत्तम ढंग से कराया गया है, उसी प्रकार आगे भी बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएँ दी। कलेक्टर ने सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा चयनित आँगनबा ?ी केन्द्रों, बाल वेक्शीनेशन सेन्टर, आदि का उल्लेख किया और आगे भी इसी प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी ठेकेदारों एवं कंसल्टेंट को हिदायत देते हुए कहा कि जिन जिन स्थानों पर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्माण के कार्य हो रहे हैं वहाँ पर सभी ठेकेदार कंसल्टेंट सुरक्षा मापदण्डों के अनुरूप बेरीकेटिंग के साथ अन्य सुरक्षा के उपायों को प्रदर्शित करते हुए कार्य करें। विशेष कर उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर दिन में तीन बार पानी का छिड़काव कराएँ जिससे धूल मिट्टी का हवा में फैलाव न हो सके और वातावरण स्वच्छ रह सके। सुरक्षा एवं सिचाई के कार्यो में लापरवाही न बरतने की हिदायत भी कलेक्टर द्वारा दी गयी।

# एम. एच. क्लब की धाकड़ शुरुआत



**जबलपुर।** डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही इंटर क्लब बालक वर्ग 16 दो दिवसीय प्रतियोगिता में खेली जा रही है। सचिव धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में खेले जा रहे एम. एच. क्लब और नर्मदा क्लब के मैच मे नर्मदा क्लब ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवरों मे 10 विकेट पर 96 रन बनाए। जिसमें यश रजक ने 40 रन, सौर्यजीत ने 14 रन और श्रेयांश ने 12 रन बनाए। एम. एच. क्लब की ओर से यश जैन 5 विकेट, धीर भट्ट, यशराज भेरा, अनिकेत बर्मन, अलंकृत सिंह ने 1-1-1-1 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति पर एम. एच. क्लब 44 ओवरों में 4 विकेट पर 188 रन पर खेल रही है, जिसमे वरुण तिवारी ने 82 रन, तनिष्क यादव ने 26 रन, अलंकृत सिंह नाबाद 50रन और मलय लोहिया नाबाद 19 रन पर खेल रहे है। मैच के अंपायर सचिन गोस्वामी और अमित यादव तथा स्कोरर आदर्श दुबे है।

**वीरांगना रानी दुर्गावती कप क्रिकेट**

## हिमालयन एकेडमी विजेता



**जबलपुर।** संजीवनी नगर क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित वीरांगना रानी दुर्गावती कप के क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच हिमालयन अकेडमी ने 4 विकेट से जीत लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी जे एन सी ने 173 रन बनाये । दिव्य ने 72 अभिषेक 38 रन बनाए।हिमालयन की ओर से ईशान 2 हार्दिक श्लोक 1 1 विकेट प्रप्त किये। जवाब में हिमालयन एकेडमी की टीम 6 विकेट खोकर ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमे समर खान 72 रन, आर्यव्य पटेल ने 25 रन बनाकर नॉट आउट रहे।जे एन सी की ओर से युगल ने 3 विकेट लिए। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सिरीज वैदिक तिवारी ,बेस्ट बैस्टमैन दिव्य ,बेस्ट कैचर श्लोक रहा। विश्वामित्र अवार्डी सुभाष नायडू, पूर्व खिलाड़ी योगेंद्र तिवारी नितिन पांडेय ब्रजेश पटेल शुभम अरिहंत अनुभव शर्मा हरीश परिहार लकी यादव अनिल पांडेय उपस्थित रहे। संचालन अरुण जैन ने किया।

## अमित कुमार उपाध्याय को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी ) की उपाधि



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी , सागर ( मध्य प्रदेश ) द्वारा अमित कुमार उपाध्याय को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी ( पीएचडी ) की उपाधि प्रदान की गयी। अमित कुमार उपाध्याय ने इम्पैक्ट ऑफ एडवरटाइजिंग ऑन कंस्यूमर बिहैवियर, अ रिलेटिव स्टडी ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया विषय पर अपना शोध डॉ उरूज फातिमा रिजवी के निर्देशन में किया। सुशील कुमार उपाध्याय और श्रीमती सरला उपाध्याय के पुत्र अमित कुमार उपाध्याय ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और पत्नी श्रीमती आकांक्षा उपाध्याय को दिया है। उनकी इस सफलता पर समस्त परिजनों और मित्रो , शहर वासियो ने बधाई दी है।

### आइए आंगनबाड़ी थीम पर होंगे कार्यक्रम

# 15 नवंबर से शुरू होंगे सभी आँगनबाड़ी केंद्र

**जबलपुर।** प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत हितग्राहियों की सुरक्षा के लिए आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन स्थगित किया गया था। राज्य शासन ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव की मानक संचालन प्रक्रिया का पालन कर आँगनबाड़ी केंद्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।



संचालक महिला बाल विकास डॉ राम राव भोसले ने बताया कि प्रदेश में 15 नवंबर से आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों के साथ आइए आंगनबाड़ी थीम पर समारोहपूर्वक प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आइए आँगनबाड़ी कार्यक्रम में समुदाय के सहयोग से स्थानीय खाद्य विविधता आधारित विशेष भोजन तैयार कर हितग्राहियों को परोसा जाएगा। डॉ. भोसले ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन पूर्व की भांति नियत समय-सारणी अनुसार उनका संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण काल में 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को रेडी टू ईट सामग्री का वितरण स्थगित रखा जाएगा। बच्चों को नाश्ता और गर्म पका हुआ खाना प्रदाय किया जाएगा।

संचालक महिला बाल विकास डॉ राम राव भोसले ने बताया कि कोविड-19 महामारी संक्रमण काल में संक्रमण के फैलाव की रोकथाम के लिए आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन स्थगित किया गया था। इस अवधि में हितग्राहियों को वैकल्पिक पूरक पोषण आहार निरंतर उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर से आँगनबाड़ी केंद्र का संचालन एवं सेवा प्रदाय करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। आँगनवाड़ी केन्द्रों में तीन से 6 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को लाने के लिये स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जिला-स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी और जिला कलेक्टर द्वारा निर्णय लिया जायेगा। संचालक महिला बाल विकास डॉ. भोंसले ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में 65 वर्ष से अधिक आयु और बीमारी वाले व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। गर्भवती महिलाओं और दस वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए गतिविधियों की प्राथमिकता के आधार पर कोविड से बचाव की सावधानियों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आँगनवाड़ी के अंदर और बाहर तथा आसपास की स्वच्छता एवं कोविड संक्रमण से बचाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, सेनिटाइजर और दो गज की दूरी आदि सुरक्षा उपायों का पालन भी करना अनिवार्य होगा।

## भक्ति ज्ञान वैराग्य व त्याग है श्रीमद् भागवत

### शोभायात्रा से हुआ श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ

जबलपुर। सनातन धर्म में श्रीमद्भागवत ऐसा महाग्रंथ है जिसे मस्तक पर धारण किया जाता है ,इसे साक्षात श्रीकृष्ण ही माना गया है द्य श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञान वैराग्य और त्याग है , यह उद्गार संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर कथा व्यास पंडित राजीव कृष्ण शास्त्री ने प्रवचनों में व्यक्त किए द्य उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत बारंबार सुनना चाहिए ,श्रीमद् भागवत मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाने वाला ग्रंथ है ,यह मोक्ष प्रदान करने वाला है द्यपनागर रोड बड़ा दिवाला इंद्राणा में आयोजित श्रीमद्भागवत के शुभारंभ दिवस मंगल कलश यात्रा निकाली गई द्यआज शनिवार को भगवान के 24 अवतारों का वर्णन होगा द्यकथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 से 6:00 तक आयोजित होगी। आयोजन समिति की ओर से सुधीर ठाकुर, वीरेंद्र, ऋषभ ,जगत बहादुर ठाकुर ने सभी भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## ग्वारीघाट के घाटों में प्रतिबंधित पॉलिथिन के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**जबलपुर।** ग्वारीघाट के मुख्य घाटों में नदी के भीतर प्रवासी पक्षियों को नमकीन पॉलीथिन के पैकेट में श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है तथा घाट पर शैंपू पाउच ,तेल भी दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा है जिस पर संभाग 3 के द्वारा कार्यवाही कर 55 दुकानों से 70 किलो नमकीन के पैकेट जप्त करते हुए तथा प्लास्टिक के पाउच में विक्रय तेल शैंपू तथा तंबाकू के पाउच जप्त किए गए कार्यवाही में संभागीय अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा के साथ,अनिल बारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, प्रभारी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अगस्ते तथा सुपरवाइजर बालअंकैया, शामियल, सपना, अमित विश्वकर्मा उपस्थित रहे इस दौरान ह्यूमन मैट्रिक्स के सदस्य मोहित पटेल, देव पाठक द्वारा दुकानदारों को ग्वारीघाट में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग ना करने की सलाह दी गई।

## नि: शुल्क मधुमेह परीक्षण शिविर कल

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल द्वारा मधुमेह परीक्षण एवं जागरुकता शिविर 14 नवंबर को , डा. नरेन्द्र खेत्रपाल का दवाखाना, लिंक रोड गढ़ाफाटक में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है । सभी शहरवासियों से विनम्र अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर नि-शुल्क जांच का लाभ अवश्य उठाएं ।

# पंजाब के लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

### शाम को मचेगा गायन, भांगड़ा का धमाल



**जबलपुर।** पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल, गुरुनानक शोधपीठ संस्थान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं पंजाबी महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के 75वें महोत्सव एवं गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आज सुबह से शुरू हुए। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल की निर्देशक श्रीमती नीरू ज्ञानी ने बताया कि आयोजन की श्रंखला में प्रातः 11 बजे से स्मार्ट सिटी से इन्डोर हॉल, कल्चरल स्ट्रीट कृष्णा होटल के पास गुरुनानक [6] देव के जन कल्याणकारी व समरसता के उपदेशों से भरे जीवन पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। शाम 6 बजे से स्थानीय मानस भवन सभागार में पंजाब के लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल की निर्देशक नीरू सिंह ज्ञानी एवं सरदार सरदूल सिंह संधू ने बताया कि गुरुनानक देव जी पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होने मुख्य वक्ता दिल्ली भोपाल व पंजाब से पधारे । पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष इन्द्रमोहन भाटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण भारत के विभाजन को पीड़ा का नाट्य मंचन, पंजाब के पारम्परिक नृतय जिसमें गिदे टप्पे, बोलियां बनालासे आये एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा गायन, भांगड़ा का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जावेगा। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान युवक- युवतियों का सम्मान किया जाएगा। अपने प्राणों की चिंता न करते हुए दिन रात उपचार देने वाले डॉक्टर्स का सम्मान किया जायेगा। पत्रकारवार्ता में पंजाबी महासभा के सचिव राजेश भाटिया, पंजाब के रंग कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी प्रवीण गुलाटी, अरविन्द नैय्यर, राजेश चंडोक, नितिन भाटिया, कौशल सूरी, कुलदीपक कोहली, दीपक चंडोक, अमन शर्मा, संजय चड्ढा उपस्थित रहे।

# कंचन थार आरती नाना की भावना से जले दीप



सिंधी धर्मशाला में विहिप का दीपावली मिलन

**जबलपुर यशभारत।** विहिप द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर राम चरित मानस की चौपाई कंचन थार आरतीं नाना जुबतीं सजें करहिं सुभ गाना की भावना के साथ दीवाली मिलन मनाया इस मौके पर दीपों से सजाया गया पूरा परिसर जगमग हो गया। विश्व हिंदू परिषद रानी दुर्गावती जिले के तत्वावधान में सिंधी धर्मशाला शांति नगर में दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष में दीपावली मिलन पर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम मेप्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह प्रांत सह मंत्री एडवोकेट प्रदीप गुप्ता एम एल केवट डॉ वाणी अहलूवालिया क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख राजेश तिवारी समरसता प्रमुख संतोष चौबे, राजेश रैकवार उमेश राठौर संजय गुप्ता सुनील भागचंदानी संयोजक शैलेन्द्र विशेन कोषाध्यक्ष दिलीप बर्मन सुनील सोनकर मयंक श्रीवास वैष्णवी पटेरिया प्रदीप दुबे डॉ डी पी गूजर उमेश शुक्ला राजकुमार द्विवेदी बबलू सोनकर गगन यादव आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन कर 151 दीपों से भगवान श्री राम एवं भारत माता की आरती की गई। प्रांत संगठन मंत्री ने उद्बोधन में प्रकाशोत्सव पर्व पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि हदीपावली पर विश्व हिंदू परिषद भी प्रति वर्ष अपने प्रांत जिले क्षेत्र एवं प्रखंडों में कार्यकर्ताओं के साथ मिलन समारोह के रूप में आयोजन करता है । मंच संचाल उमेश राठौर एवं आभार राजेश रैकवार ने किया गया।

## गर्भाशय कैंसर को जड़ से ख़त्म करने की मुहिम, 17 को नि :शुल्क शिविर

**जबलपुर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2030 तक गर्भाशय कैंसर को जड़ से ख़त्म करने की मुहिम के तहत रोटरी क्लब जबलपुर एवं स्त्री व प्रसूति विभाग मेडिकल कॉलेज जबलपुर के साथ संयुक्त आयोजन गर्भाशय व स्तन कैंसर का निःशुल्क पैप वाया कॉलपोस्कोपी जाँच व उपचार शिविर द्वितीय मंज़िल स्त्री प्रसूति विभाग मेडिकल कॉलेज जबलपुर का आयोजन 17 नवंबर की सुबह 9 बजे से रखा गया है। कैंसर की रोकथाम हेतु प्रारंभिक समय पर जाँच व इलाज बहुत कारगर सिद्ध होता है। विभागाध्यक्ष डॉक्टर कविता सिंह डॉक्टर सोनल सहानी डॉक्टर अर्चना सिंह डॉक्टर कीर्ति पटेल रोटरी क्लब जबलपुर अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी सचिव डॉक्टर जतिन धीरावानी नितिन पालीवाल डॉक्टर नेहा तिवारी अपील करते हैं कि रोटरी थीम- सेवा से बदलें जीवन के तहत इस निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर में महिलाएँ जाँच कराएं।



## गोपाष्टमी पर गौ ग्रास हरा चारा का कार्यक्रम

**जबलपुर।** गोपाष्टमी के उपलक्ष्य पर विश्व हिंदू परिषद मां नर्मदा जिला त्रिपुर सुंदरी प्रखंड द्वारा धनवंतरी नगर चौक पर गौ पूजन एवं पांच चलित वाहनों पर गौ ग्रास हरा चारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया और समस्त जनमानस से पालीथिन में कुछ भी न फेंकने का भी आग्रह किया । पन्नी के उपयोग से भी बचें भारतीय संस्कृति उत्सव और पर्वों की संस्कृति है जिसमें समाज की गतिशीलता और नवजीवन का भाव बना रहता है उत्सव उत्साह आनंद प्रेम का निर्माण करता है उत्सव पर्व त्यौहार निर उद्देश्य नही होते वे किसी न किसीघटना कथा कहानी के साथ समाज में पवित्र संदेश देने का कार्य करते हैं भारतीय संस्कृति गौ संस्कृति का ही स्वरूप हैं हिस्सा है आयोजन में विहिप के संघठन मंत्री सुरेंद्र सिंग चौहान ,जीतू कटारे भाजपा नेता,संजय तिवारी प्रान्त सह गौ रक्षा प्रमुख अजय चौरसिया जी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख,राजेश पटेल जिला सह मंत्री,विकल खटीक जिला संयोजक सतीश सोनी,विकाश लोधी,सत्यम बर्मन,आकाश चंदन दुबे।

### किया गौ माता का पूजन

डॉ.राधाकृष्णन वार्ड फकीर चंद्र अखाड़े के पास स्तिथ प्राची श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर गोपाष्टमी पर्व मनाया गया जिसमें गौ माता का तिलक चंदन लगाकर पुष्प अर्पित किए गए साथ ही गौ माता की आरती वंदन किया गया कार्तिक महीने की प्रतिपदा तिथि को श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था इसके बाद इंद्र ने श्रीकृष्ण से माफी मांगी थी और कामधेनु गाय ने अपने दूध से भगवान का अभिषेक किया था अतः गोपाष्टमी पर गायों और बछड़ों की पूजा की जानी चाहिए गाय में सभी देवी देवताओं का वास होता है।

## राष्ट्रीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता के लिए म.प्र. की टीम का चयन कल

**जबलपुर।** राष्ट्रीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता 25 से 28 नबम्बर 2021 तक कुरूक्षेत्र, हरियाणा में आयोजित है। म.प्र. की टीम के चयन हेतु राज्य स्तरीय साइकलिंग प्रतियोगिता 14 नबम्बर 2021 को प्रात 7.00 बजे से अंध मूक बाई पास रोड पर आयोजित है । प्रतियोगिता के अतिथि दग्विजय सिंह, महासचिव, म.प्र. ओलपिंग संद्य, सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर एवं प्रियंका शुक्ला, आई.पी.एस. सी.एस.पी. बरगी रहेगें।

## रोज पकड़े जा रहे आवारा कुत्ते

**जबलपुर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार शहर के आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के अलग अलग विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की जाकर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है। आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन शहर के आम नागरिकों से शिकायतें प्राप्त होती हैं।

### निगमायुक्त ने आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स की बैठक में कहा

# शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप सही और सुगम डिजाइन बनाएं आर्किटेक्ट

**जबलपुर।** निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने शहर के सभी आर्किटेक्ट, इंजीनियर, मानचित्रकार एवं कंसल्टेंट्स की बैठक लेकर उन्हें शहर के नागरिकों के हित में शासन के निर्देशों के अनुरूप सही और सुगम डिजाइन बनाए जाने के निर्देश दिए ताकि एक बार के सबमिशन में ही नागरिकों को ऑन लाइन स्वीकृत मानचित्र प्राप्त हो सके। स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने कहा है कि देखने में आ रहा है कि मानचित्रकारों, इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट के द्वारा तैयार किए जाने वाले नक्शों में कभी कभी सही लोकेशन तथा अन्य परफेक्ट जानकारियाँ प्रदर्शित नहीं होने के कारण रिजेक्ट होते हैं और पुन: स्वीकृति के लिए सबमिशन किये जाते हैं। इन सभी विसंगतियों को दूर करने की दृष्टि से आज यह बैठक बुलाई गयी है। निगमायुक्त ने सभी संबंधितों से नियमानुसार सरल और सुगम तरीके से स्पष्ट मानचित्र बनाकर सबमिशन करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने कहा कि नागरिकों को नक्शे पास कराने में भटकाव एवं ऑनलाइन पद्धति से बार-बार सबमिशन से मुक्ति दिलाने के लिए यह आवश्यक है कि नक्शे बनाने के पूर्व ही शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। उन्होंने कहा है कि शासन के नियमों के अनुरूप ही नक्शे बनाकर उन्हें ऑनलाइन जमा किया जाता है तो तय समय सीमा में उन्हें स्वीकृति मिल जाती है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बैठक में भवन अनुज्ञा के प्रकरणों में आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर उन समस्याओं को शासन तक पहुंचा कर निराकृत कराए जाने का भी आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है, कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरीय निकायों के लिए स्वीकृति के विपरीत, अतिरिक्त निर्माण एवं बगैर अनुज्ञा के निर्मित भवनों की कंपाउंडिंग सीमा 10 से ब ?कर 30: की गई है एवं यह छूट 28 फरवरी 2022 तक दी जाएगी। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक नागरिक आगे आएं एवं अपने प्रकरण संबंधित विभाग में प्रस्तुत कर कंपाउंडिंग में मिल रही छूट का लाभ उठाएं। बैठक में उपस्थित कंसलटेंट मानचित्रकार, इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट ने अपनी विभिन्न समस्याओं से भी निगमायुक्त श्री संदीप जी आर को अवगत कराते हुए उनके निराकरण के लिए उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की, जिसपर निगमायुक्त ने तत्काल ही उनकी समस्याओं का निराकरण कर बैठक में अवगत कराया। इस बैठक में सहायक आयुक्त श्रीमती रचियता अवस्थी, भवन अधिकारी आर.के. गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

प्रियाशु राजेश उके पिता राजेश रामदास उके यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट क्र. M 9674169 दिनांक 28/5/2015 में बना था जिसमें मेरा नाम प्रियाशु उके श्री राजेश रामदास उके लिखा था। परंतु कक्षा 10 कि मार्कशीट एवं आधार कार्ड में प्रियाशु राजेश उके लिखा है। अत: आज दिनांक से मुझे प्रियाशु राजेश उके पिता राजेश रामदास उइके के नाम से पढ़ा, लिखा, समझा जावे।

**पुराना नाम- प्रियाशु उके**
**नया नाम- पियाशु राजेश उके**


## वैदिक ज्योतिष समाधान

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/प ा प ट ी विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

## संपादकीय

# सहिष्णुता को कमजोरी न समझे चीन

हाल के वर्षों में पहली बार भारत ने अपने सख्त बयान में चीन को चेताया है कि भारत किसी भी सूरत में चीन के अवैध कब्जे और सीमा को लेकर उसके अनुचित दावों को स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग, पेंटागन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे एक विवादित क्षेत्र में चीन ने एक बड़ा पक्का गांव बनाया है। इस पर पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में भारत ने चीन को दो टूक शब्दों में अपनी यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर निरंतर नजर रखता है। इसके साथ ही अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिये सभी आवश्यक कदम उठाता है। वहीं दूसरी ओर सरकार का कहना है कि राजनयिक स्तर पर पूरी मजबूती के साथ इस तरह की गतिविधियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया गया है और भविष्य में हम ऐसा ही करेंगे। वहीं भारत का यह भी कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में जहां चीन ने दशकों से कब्जा कर रखा है, उन क्षेत्रों में उसने कुछ निर्माण भी किया है, तो उसे हम स्वीकार नहीं करते। दरअसल, हाल ही में चीन ने अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिये नया विवादित सीमा कानून पारित किया है। आशंका है कि नये सीमा कानून की आड़ में वह इस निर्माण को स्थायी सैन्य शिविर में न तबदील कर दे। कहा जा रहा है कि जिस विवादित इलाके में चीन ने गांव का निर्माण किया है, उसके पास ही 1962 के युद्ध के दौरान भारत की अंतिम पोस्ट हुआ करती थी। कालांतर में इलाका विवादित घोषित होने के बाद भारतीय सेना की स्थिति में बदलाव किया गया था। हालांकि, भारतीय सेना की तरफ से कहा जाता रहा है कि चीन का बुनियादी ढांचे का निर्माण एलएसी में चीन के अधिकार क्षेत्र में हुआ है। यह सर्वविदित है कि अरुणाचल प्रदेश पर चीनी की टेढ़ी नजर दशकों से रही है और वह इसे तिब्बत के विस्तार के रूप में बताता रहा है। चीन गाहे-बगाहे भारतीय राजनेताओं के अरुणाचल जाने पर तल्ख प्रतिक्रिया देता रहा है, जिसे भारत ने सदा खारिज ही किया है। इस साल जनवरी में कुछ सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से दावा किया गया था कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में भारत के नियंत्रण वाले इलाकों में पक्के घरों वाला एक गांव बसाया है। तब विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह खबरों पर नजर बनाये हुए है। बताया जाता है कि सारी चू नदी के तट का यह इलाका वर्ष 1962 के युद्ध में हिंसक संघर्ष का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। ऐसा भी नहीं है कि विषम भौगोलिक जटिलताओं वाले निर्जन इलाकों की सुक्षा को लेकर भारत सजग नहीं है। भारत ने इस इलाके में बड़े पैमाने पर सड़कों, सुरंगों, पुलों और रेल सेवा के विस्तार की दिशा में सार्थक प्रयास किये हैं ताकि सेना की आपूर्ति को सुगम बनाकर सुरक्षा की किसी भी चुनौती से मुकाबला किया जा सके। इसके साथ ही लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में सशस्त्र सेना की तैनाती को बढ़ाया गया है। अब इस इलाके में आधारभूत संरचना निर्माण में तेजी लाने से सेना की एलएसी पर पहुंच आसान व समय रहते हो पायेगी। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले भारतीयों को भी इन विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। दरअसल, पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत के बीच के इलाके को मैकमोहन रेखा विभाजित करती है। लेकिन चीन इस पर ईमानदार नजर नहीं आता। वहीं कुछ अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार मानते हैं कि संभवत- चीन इस्राइल जैसी रणनीति अपना रहा है। इस्राइल भी गाजा पट्टी में पहले इसी तरह के भवन बना देता है और फिर उस इलाके में आबादी को बसा देता है। जिसका लगातार फिलस्तीन की तरफ से विरोध किया जाता रहा है। यद्यपि आम लोगों में यह जानने की उत्सुकता बनी रहेगी कि गांव का निर्माण चीन नियंत्रित क्षेत्र में है या भारतीय क्षेत्र में। बहरहाल, चीन को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से सीमाओं का सम्मान करना चाहिए।

## जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष

# जनजातीय विद्यार्थियों को सुलभ और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर



प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की बड़ी आबादी निवास करती है। जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार सदैव कटिबद्ध रही है। राज्य सरकार ने सर्वांगीण विकास की राह प्रशस्त करने के लिए इस वर्ग के शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान दिया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि व्यक्ति और समाज के सामाजिक और आर्थिक सुदृीकरण के लिए अच्छी शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने हमेशा माना है कि हमारे जनजातीय समुदाय में प्रतिभा की कमी नहीं है। राज्य सरकार का प्रयास रहा है कि एक भी विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। हर छात्र के लिए शिक्षा सुलभ हो। प्रतिभाओं को आगे ब?कर उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अच्छा वातावरण मिले। इसी भाव से राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक विकास के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया है।

### जनजातीय विद्यार्थियों के लिए सर्व-सुलभ शिक्षा

राज्य सरकार की नीति और दृढ़ इच्छा-शक्ति के सुपरिणाम भी सामने आने लगे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग में अनेक प्रतिभाओं ने आगे ब?कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिक्षा की सार्वभौमिकता ने सम्पूर्ण अनुसूचित जनजाति समाज को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उन्नति के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए हैं। अनुसूचित जनजातीय समाज के लिए जहाँ एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरों में आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के अवसर बढ़े हैं, वहीं प्रतिभावान विद्यार्थी राज्य सरकार की योजना का लाभ लेकर विदेशों में भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### बजट के साथ शिक्षण संस्थाओं में आशातीत वृद्धि

प्रदेश में जनजातीय कार्य विभाग का बजट वर्ष 2003-04 में लगभग 746 करोड़ रूपए था, जो अब बढ़कर 8 हजार करो? रूपए से भी अधिक हो गया है। विगत 17 वर्षों में प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में प्राथमिक शालाओं की संख्या में 81 प्रतिशत, माध्यमिक शालाओं की संख्या में 55 प्रतिशत, हाईस्कूल की संख्या में 112 प्रतिशत, हायर सेकण्ड्री स्कूल की संख्या में 81 प्रतिशत और कन्या शिक्षा परिसरों की संख्या में 2633 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले जनजातीय विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दर राज्य सरकार ने बढ़ाई हैं। ये दरें बालकों के लिए 1230 रुपये से बढ़ाकर 1300 रुपये प्रतिमाह और बालिकाओं के लिये 1270 रुपये से बढ़ाकर 1340 रुपये प्रतिमाह की गई है।

प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन करने वाली जनजातीय वर्ग की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 15 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह से बढ़ाकर 25 रुपये की गई है। कक्षा 6वीं की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 50 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह से बढ़ाकर 60 रुपये की गई है।

प्रदेश के 9 लाख 98 हजार विद्यार्थियों को 153 करो? रुपये से अधिक की प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति और 2 लाख 48 हजार विद्यार्थियों को 381 करो? रुपये से अधिक की पोस्ट-मेट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

### जनजातीय विकासखण्डों में पायलेट प्रोजेक्ट

कक्षा 9वीं से 12वीं की शिक्षा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिले, इस उद्देश्य से प्रदेश के 5 जनजातीय विकासखण्डों में घर से स्कूल तक विद्यार्थियों को शाला लाने-ले जाने का पायलट प्रोजेक्ट आगामी-सत्र से प्रारंभ किया जा रहा है।

जनजातीय विद्यार्थियों, जिन्हें छात्रावास में आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है, उन्हें संभागीय मुख्यालयों पर किराये के आवास में रहने के लिए सहायता दी जाती है। आवास सहायता योजना में पिछले 18 माह में एक लाख 26 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 207 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है।

आकांक्षा योजना में 721 विद्यार्थियों को कोचिंग सुविधा प्रदान की गई, जिसमें 3 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया गया है। इस योजना से जेईई मेन्स, जेईई एडवांस, नीट, क्लेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के 346 जनजातीय विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इस वर्ष 724 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति- बैगा का एक छात्र आईआईटी में और एक छात्र एमबीबीएस में अध्ययनरत है। इसी प्रकार एकलव्य आवासीय विद्यालयों के 36 विद्यार्थी जेईई मेन्स में चयनित हुए हैं। प्रतिभा योजना में विगत 18 माह में 170 से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्था में प्रवेश के लिए 58 लाख रुपये से अधिक की प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। विदेश अध्ययन योजना में जनजातियों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए नियमित रूप से विदेश अध्ययन के लिये सहायता दी जा रही है। विगत 18 माह में इस योजना में चयनित 9 विद्यार्थी विदेश अध्ययन के लिए प्रस्थान कर चुके हैं, जिसमें दो छात्राएँ भी शामिल हैं।

मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेजिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी का गठन कर लगभग 44 हजार जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में विगत चार वर्षों में करीब सा? 5 हजार से अधिक जनजातीय छात्र/छात्राओं को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट आदि विषयों से जुड़े देश के प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश मिला है। राज्य सरकार द्वारा इन विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति पर लगभग 13 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। विगत 18 माह में सिविल सेवा परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले 430 से अधिक जनजातीय विद्यार्थियों को 95 लाख रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थाओं की कोचिंग शुल्क की प्रतिपूर्ति भी राज्य सरकार द्वारा की जाती है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अन्य सभी प्रकार के व्ययों के लिये 12 हजार 500 रुपये प्रतिमाह की राशि भी दी जाती है। प्रदेश में संचालित 154 विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में इस शिक्षा-सत्र में जनजातीय दिव्यांग और ट्रांसजेण्डर विद्यार्थियों को भी प्रवेश का अवसर प्रदान किया गया है।

### अधोसंरचना विकास

जनजातीय छात्रावास, आश्रम और शाला भवनों के निर्माण के लिए गत डे? वर्ष में 387 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पिछले वित्त वर्ष में अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में 15 नवीन महाविद्यालय और छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की गई है और 8 जिलों के 370 विद्यालयों में 22 करोड़ रुपये से अधिक लागत की स्मार्ट क्लॉसेस स्वीकृत की गई है।

### जनजातीय बालिकाओं की समग्र शिक्षा

अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की समग्र शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 82 कन्या शिक्षा परिसरों की स्वीकृति प्रदान की गई है। रुपये 390 करोड़ की लागत से 27 नये एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 4 विशेष आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

जनजाति बहुल जिले धार, बैतूल एवं बड़वानी में नये फूड क्रॉफ्ट इंस्टिट्यूट की स्थापना भारत सरकार के सहयोग से की जा रही है। प्रदेश के 33 आवासीय विद्यालय में सुसज्जित कम्प्यूटर लैब तैयार किए गए हैं, जिनमें विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल 15 जिलों की 38 आश्रम-शाला में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्री-प्रायमरी कक्षाओं का संचालन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश में 713 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के नये 214 सीनियर कन्या एवं बालक छात्रावास एवं 409 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 189 नये हायर सेकेण्डरी स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 250 सीटर 3 संयुक्त छात्रावास भवन, 50 सामुदायिक भवन और 5 कौशल विकास केन्द्रों का निर्माण और 152 करोड़ के व्यय से 8 नए क्रीड़ा परिसर बनाये जा रहे हैं।

नये मेडिकल कॉलेज

अनुसूचित जनजाति बहुल जिले श्योपुर और मण्डला में भारत सरकार के सहयोग से नये मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं।

-अतुल खरे

## आपका राशिफल 14 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5647



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5646**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6146

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# भटकाव से रोकते स्वामी विवेकानंद के विचार



विवेकानंद ने समाज को जो दिशा दी, सचमुच वह आज भी प्रासंगिक है।

आज महामारी के इस दौर में करिअर की दहलीज पर खड़े युवाओं के सामने अंधेरा सा छाया हुआ है, लेकिन यह अंधेरा स्थायी नहीं है। ऐसे में जरूरत है आत्मविश्वास बनाये रखकर अपने भविष्य की तैयारियों को जारी रखने की। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'जब तक आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते, आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।' साथ ही उनका संदेश था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' वह कहते थे, 'खुद को कमज़ोर समझना सबसे बड़ा पाप है।' इस दौर में बेशक हजारों हाथ उन परेशान लोगों की मदद को उठ रहे हैं जिनका रोजगार लॉकडाउन या अन्य कारणों से चला गया, लेकिन अनेक ऐसे भी लोग हैं जो मदद करना तो दूर, गरीबों के लिए आये राशन-पानी को डकार रहे हैं। विवेकानंद जी ने शास्त्रों में परोपकार के गुणों की व्याख्या को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा, परोपकार धर्म का दूसरा नाम है।इसी संदेश के विस्तार में उन्होंने कहा था, 'जिस पल आपको यह पता चल जायेगा कि ईश्वर आपके भीतर है। उस पल से आपको प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर की छवि नजर आने लगेगी।' विवेकानंद जी के जीवन के किस्से हों या उनके कहे हुए विचार, हर चीज मानवता का संदेश देती है। जरूरत है उन पर अमल करने की। पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को शत शत नमन।

यह दौर बेहद संघर्षों का दौर है। इसमें अनेक चिंताएं हैं, परेशानियां हैं। कभी-कभी तो उन परेशानियों से पार पाने का कोई रास्ता नहीं सूझता। ऐसे में याद हैं स्वामी विवेकानंद की जीवन के प्रति बताई गयी कई महत्वपूर्ण बातें। विवेकानंद जी ने कहा था, चिंतन करो, चिंता नहीं। चिंतन समाज की भलाई का। चिंतन समस्याओं से पार पाने का। स्वामी विवेकानंद ने हर वर्ग के लोगों के लिए ऐसी बातें कहीं, जिन पर अगर मनन कर लिया जाये और उसी दिशा में बढ़ा जाये तो शायद जीवन का भटकाव थोड़ा कम हो जाये। यूं तो विवेकानंद की बातें हर पल मनन योग्य हैं, लेकिन इस महामना को आज (4 जुलाई) विशेष नमन। आज महान कर्मयोगी, पथ प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद का देहावसान छोटी सी उम्र में 4 जुलाई 1902 को हो गया। रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए। अल्पायु में ही उस दौर में स्वामी

## विचार प्रवाह



यदि कोई पति पत्नी अपने घर एकहोनहार बेटा चाहते हं तो उन्हें संयम और मर्यादा में रहना होगा। तपस्वी पति पत्नी के घर ही ऐसा होनहार बेटा पैदा होता है। जिस घर में पति पत्नी सारे दिन ताश चौपड़ खेलते हैं क्लब में जाकर डांस करते हैं और शराब पीते हैं। उस घर में दु:शासन और दुर्योधन ही पैदा होंगे। जीवन में संयम और मर्यादा होगी तो ही घर में राम, कृष्ण, महावीर, कुन्दकुन्द और शिवाजी महाराज का जन्म होगा। अगर बेटा शराबी है, चोर उचक्का है तो इसके लिए 50 फीसदी दोषी मां बाप भी हैं।

मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7212



**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

**शब्द पहेली -7211 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# दो महीने के भीतर प्रदेश में दौड़ने लगेंगी 1002 एंबुलेंस

### बढ़ेगी जननी एक्सप्रेस की संख्या

**भोपाल।** प्रदेश भर में दो महीने के भीतर108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस की संख्या बढ़ने के साथ ही अन्य सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने हाल ही में निविदा के तहत नई कंपनी का चयन किया है। छत्तीसगढ़ की जय अंबे एजेंसी सर्विस कंपनी को यह काम मिला है। शुक्रवार को खोली गई वित्तीय निविदा में सबसे कम खर्च पर वाहनों के संचालन के लिए तैयार होने की वजह से इस कंपनी को काम सौंपा गया है। अधिक से अधिक दो महीने के भीतर कंपनी को काम संभालने के लिए कहा गया है। हालांकि, कंपनी चाहे तो इसके पहले भी काम शुरू कर सकती है। अभी 108 एंबुलेंस की संख्या 606 है। नई कंपनी के काम संभालने के बाद 1002 एंबुलेंस हो जाएंगी। इसी तरह से प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने और घर छोड़ने के लिए चलने वाले जननी एक्सप्रेस वाहनों की संख्या भी 840 से बढ़कर 1050 हो जाएगी। इसका फायदा यह होगा कि लोगों को वाहन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पांच साल पहले जेडएचएल कंपनी को इन वाहनों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। तब से लेकर आज तक वाहनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है, जबकि जरूरतमंदों की संख्या बढ़ी है। इस कारण वाहन व्यस्त होने की स्थिति में लोगों को तुरंत सेवा नहीं मिल पाती थी।




### इस शर्त पर मिली संचालन की जिम्मेदारी

जय अंबे कंपनी खुद के वाहन लगाएगी। इन वाहनों के संचालन के बदले में कंपनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की तरफ से 220 करोड़ रुपए हर साल भुगतान किया जाएगा। अभी मौजूदा वाहन सरकार की तरफ से ही उपलब्ध कराए जाते थे। इनके संचालन की जिम्मेदारी जेड एच एल कंपनी की होती थी। संचालन के लिए करीब 300 करोड़ रुपए हर साल जेडएचएल कंपनी को भुगतान किए जा रहे थे। अब कंपनी खुद अपना वाहन लगाएगी।



वाहनों की संख्या भी बढ़ेगी। संचालन का खर्च हर साल करीब 80 करोड़ रुपए कम हो जाएगा। जय अंबे को छह साल के लिए वाहनों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

### नई कंपनी आने के बाद यह सुविधाएं बढ़ जाएंगी

अभी जरूरतमंद द्वारा फोन करने के 20 मिनट बाद एंबुलेंस पहुंचने की शर्त है, लेकिन हकीकत में एंबुलेंस पहुंचने का औसत समय 23 मिनट है। नई कंपनी को 16 मिनट के भीतर जरूरतमंद तक एंबुलेंस पहुंचाने की शर्त दी गई है। सभी वाहन नए होने की स्थिति में इस शर्त को पूरा कर पाना भी आसान होगा। इसी तरह से जननी एक्सप्रेस के पहुंचने का समय 30 मिनट से कम होकर 25 मिनट हो जाएगा। एंबुलेंस बुलाने के लिए पता बताने की जरूरत नहीं होगी। फोन करने वाले की मोबाइल लोकेशन से पता चल जाएगा की मरीज कहां पर है। मोबाइल ऐप के जरिए भी एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहन बुलाए जा सकेंगे। जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस में ज्यादा तेज चलने वाले और वाहन के भीतर ज्यादा जगह वाली गाड़ियां चलाई जाएंगी।




# भोपाल में जनजातीय महासम्मेलन में आने वाली बसों से नहीं लिया जाएगा टोल टैक्स

**भोपाल।** बिरसा मुंडा की जन्मतिथि जनजातीय गौरव दिवस आनंद के प्रकटीकरण का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महासम्मेलन में जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए आरंभ किए जा रहे कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए आने वाले वाहनों से कहीं भी टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। दूर से आने वाली बसों में मैकेनिक भी साथ रहेंगे ताकि रास्ते में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। वहीं, बसों के साथ एंबुलेंस भी चलेगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कलेक्टर, कमिश्नर, आइजी-पुलिस अधीक्षकों के साथ जनजातीय दिवस की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा में कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय भाई-बहन हमारे अतिथि हैं। भोपाल की परंपरा के अनुसार सम्मान और सत्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। इसकी तैयारियों में कोई कसर न छोड़ें। दूर से आने वाले वाहनों के साथ कोई परेशानी न आए, इसकी चिंता करें। खंडवा कलेक्टर ने बताया कि हमने प्रत्येक बस में एक मैकेनिक भेजने की व्यवस्था बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य जिले भी ऐसा ही करें। एंबुलेंस भी साथ आए ताकि कुछ भी जरूरत पड़े तो तत्काल व्यवस्था हो जाए। कार्यक्रम में जनजातीय विविधता की झलक नजर आए, इसके लिए जनजातीय भाई-बहन अपनी परंपरागत वेशभूषा में आएं। बैठक में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, प्रमुख सचिव पल्लवी जैन गोविल, मनीष रस्तोगी, जनसंपर्क आयुक्त सुदाम खाडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आने वाले जनजातीय भाई-बहनों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। यहां आने से लेकर घर सुरक्षित पहुंचें, यह जिम्मेदारी हमारी है। इसमें कोई कोताही न बरती जाए।


### गांवों में निकाली जा रही हैं गौरव यात्राएं

बैठक में झाबुआ कलेक्टर ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस को लेकर गांवों में गौरव यात्राएं निकाली जा रही है। डिंडोरी से बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री ओम प्रकाश धुर्वे ने बताया कि युवा वर्ग कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उत्साहित है। वहीं, मंडला कलेक्टर ने बताया कि 101 साल के दो जोड़े भी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित हैं।

### सभी पंचायतों में होगा कार्यक्रम का प्रसारण

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। इसे उसी तरह से मनाना है। भोपाल के साथ-साथ जनजाति बहुल ग्राम पंचायतों में भी आयोजित किया जा रहा है। यहां टीवी व अन्य माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए।

# बांधवगढ़ में बनेगी टाइगर सफारी



### बाघ का दीदार कर सकेंगे पर्यटक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अगले साल के अंत से पर्यटक टाइगर सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने सफारी तैयार करने की अनुमति दे दी है। वन विभाग फिलहाल राशि के इंतजाम में जुटा है। संभावना जताई जा रही है कि अगले साल की पहली तिमाही में सफारी का काम शुरू हो जाएगा। वहीं कान्हा टाइगर रिजर्व और पचमढ़ी अभयारण्य में भी टाइगर सफारी बनाने का प्रस्ताव है, जो एनटीसीए और सीजेडए की मंजूरी के लिए दिल्ली भेजा गया है। प्रदेश के कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और पन्ना पार्क देश ही नहीं, दुनिया के कई देशों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यही कारण है कि पर्यटक इन पार्कों में आना पसंद करते हैं, पर पार्कों में सीमित संख्या में ही प्रवेश दिया जाता है। ऐसे में कई पर्यटकों को निराश होना पड़ता है। इस समस्या का हल टाइगर सफारी के रूप में निकाला जा रहा है। फिर जिन पर्यटकों को पार्क में प्रवेश नहीं मिल पाएगा, उन्हें सफारी की सैर करा दी जाएगी। जिसमें बाघ दिखाई देने की गारंटी रहेगी। सफारी पार्क के बफर क्षेत्र में 50 हेक्टेयर में तैयार होगी। इस क्षेत्र को चैनलिंग जाली से घेरा जाएगा और उसमें तीन से चार बाघ छोड़े जाएंगे। उनके खाने के लिए कुछ चीतल, हिरण, सांभर, नीलगाय, चिंकारा आदि वन्यजीव भी होंगे। इसमें पर्यटकों को चारों ओर से जाली से बंद गाड़ी में सवार कर सैर कराई जाएगी। सफारी के निर्माण पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह राशि पार्क की विकास निधि (पर्यटकों से लिए गए शुल्क) और सीएसआर (कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड) से इकठ्ठी की जाएगी। सीएसआर फंड के लिए विभाग के आला अधिकारी कोल इंडिया लिमिटेड से संपर्क में हैं। उम्मीद की जा रही है कि वहां से करीब पांच करोड़ रुपये मिल जाएंगे और विकास निधि से दो से ढाई करोड़ रुपये। शेष राशि अन्य स्त्रोतों से जुटाई जाएगी।

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी की अनुमति मिल गई है। फरवरी-मार्च 2022 तक निर्माण शुरू हो जाएगा। साल के अंत तक सफारी का भ्रमण भी शुरू करने का लक्ष्य है।**

**आलोक कुमार, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्य प्रदेश**

# उचित मूल्य दुकान से राशन लेने टीके के दोनों डोज लगवाना अनिवार्य

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सभी वयस्क व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है। इसके लिए अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों को टीके के दोनों डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके मद्देनजर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने तय किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान से राशन लेने वाले हितग्राहियों के लिए टीके के दोनों डोज लगवाना अनिवार्य होगा। इसके लिए प्रत्येक दुकान पर परिवारवार टीका न लगवाने वाले सदस्यों के नाम, पता व मोबाइल नंबर पंजी में दर्ज करके जानकारी नजदीक के अस्पतालों को भेजी जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को यह बताया जाएगा कि टीके के दोनों डोज राशन प्राप्त करने के लिए अनिवार्य होंगे, इसलिए टीके नहीं लगवाए हैं तो जरूर लगवा लें। इससे संबंधित सूचना भी सभी दुकानों पर लगाई जाएगी।प्रदेश में सरकार ने दिसंबर तक टीकाकरण पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए है कि वे सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी और उनके परिवारजनों को टीके लग जाएं। सहकारिता विभाग ने इसके लिए सभी प्रमुख अधिकारियों से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का टीका लगवाने संबंधी प्रतिवेदन भी मांगा है। दुकानों के बाहर सूचना लगाएं कि टीकाकरण निश्शुल्क हैं और कोरोना से स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 17 और 24 नवंबर के साथ एक दिसंबर को प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान होगा। राशन प्राप्त करने के लिए टीके की दोनों डोज लगवाए जाने की अनिवार्यता है। उनकी जानकारी लेकर पंजी में दर्ज करें। इसकी जानकारी मोबाइल नंबर सहित नजदीक के अस्पताल को भी भेजें ताकि चि-त व्यक्तियों से संपर्क करके उन्हें टीका लगवाया जा सके।

# सलमान खुर्शीद की बुक को लेकर भोपाल में भड़का आक्रोश




### संस्कृति बचाओ मंच ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ही हालिया किताब सनराइज ओवर अयोध्या को लेकर भोपाल में हिंदुओं का गुस्?सा भड़क गया है। शहर के संस्कृति बचाओ मंच ने इस मामले में उग्र पदर्शन करते हुए किताब को प्रतिबंधित करने की मांग की। टीटी नगर प्लेटिनम प्लाजा के पास संस्कृति बचाओ मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए कहा कि इस पुस्तक में आग लगा दी जाएगी। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह क्या सलमान खुर्शीद की इस किताब में की गई टिप्पणी का समर्थन करती हैं। कांग्रेस के नेताओं में जरा सा भी हिन्दुओं के प्रति प्रेम बचा है तो सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को पार्टी से हटाने की कार्रवाई की जानी चाहिए। उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। उन्?होंने हिंदू समाज के खिलाफ जिस प्रकार की अनर्गल बयानबाजी की है। इससे पूरे हिन्दू धर्म के लोगों में रोष है। हकीकत यह है कि खुर्शीद जैसे लोग दंगे फैलाने का काम करते हैं। हिंदू समाज की आइएसआइ जैसे संगठनों से तुलना करना ऐसे अवसरवादी नेताओं की ओछी मानसिकता प्रदर्शित करता है। सलमान खुर्शीद कदाचित यह भूल गए कि हिंदू समाज ने ही उन्?हें केंद्रीय मंत्री बनवाया था। हम सलमान खुर्शीद की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हैं। संस्कृति बचाओ मंच खुर्शीद के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग करता है। बता दें कि संस्कृति बचाओ मंच ने पिछले दिनों भोपाल शहर में वेब सीरिज %आश्रम-तीन की शूटिंग होने का विरोध किया था। शहर में शूटिंग होने का विरोध करने बजरंग दल भी मैदान में कूदा था। मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की मांग है कि हिन्दुओं के आराध?य देवी-देवताओं व हिन्दूओं का अपमान नहीं सहेंगे।



**भोपाल।** डीआईजी बंगला स्थित गीतांजलि कालेज में करीब 36 अतिथि विद्वान पदस्थ हैं। उनके हस्ताक्षर पर नजर रखने के लिए कालेज की प्राचार्य ने डीन व्यवस्था लागू की है। कालेज में चार डीन को नियुक्त किया है। डीन सिर्फ अतिथि विद्वानों की उपस्थिति और उनके हस्ताक्षर पर नजर रखेंगे। प्राचार्य ने चार डीन के लिंक अधिकारी तक नियुक्त किए हैं, ताकि सभी पर उनकी निगरानी बनी रहे। कालेज प्राचार्य का कहना है कि अतिथि विद्वान कभी भी आते-जाते हैं। कभी-कभी तो वे अनुपस्थित होकर भी रजिस्टर में हस्ताक्षर कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभी

# गीतांजलि कालेज में चार डीन नियुक्त

तक सिर्फ विश्वविद्यालय और आईआईटी व एनआईटी में डीन नियुक्त होते आए हैं। राजधानी के गीतांजलि कालेज की प्राचार्य डॉ. अलका डेविड ने चार डीन नियुक्त किए हैं, जबकि विवि में डीन फैकल्टी के संबंधित होते हैं। प्राचार्य ने फैकल्टी के बाहर जाकर डीन नियुक्त किए हैं। सोशल साइंस के प्रोफेसर राजेंद्र जुगादे को एमसीए, एमएससी सीएस में नियुक्त किया है। वहीं साइंस के प्रोफेसर शैलजा सोनी को गृहविज्ञान में नियुक्त किया है। इसी तरह कामर्स के प्रोफेसर एसके मालवीय को आर्ट की जिम्मेदारी है। जानकारी के मुताबिक प्राचार्य ने डीन की नियुक्ति सिर्फ अतिथि विद्वानों की निगरानी करने के लिए की है। इस संबंध में उन्होंने आदेश भी जारी किया है। इसमें जहां हरेक चार डीन पर तीन लिंक अधिकारी भी नियुक्त किए हैं। इसमें एससी कटारिया, आरएन चौबे और अफरोज जहां शामिल हैं। उक्त सभी डीन कालेज में मौजूद करीब 36 अतिथि विद्वानों की डेली डायरी पर प्रतिदिन हस्ताक्षर कर उनकी उपस्थिति की पुष्टि करेंगे। इसके अलावा डीन किसी भी प्रकार की कोई दायित्व नहीं उठाएंगे। बता दें, कि उच्च शिक्षा विभाग के कालेजों में प्राचार्य, एचओडी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की व्यवस्था है। डीन की व्यवस्था पूरे विभाग में कहीं भी नहीं हैं। इसके बाद भी प्राचार्य डेविड ने डीन का पद तैयार कर नियुक्तियां कर दी हैं। राज्य के सभी 528 सरकारी कालेज में कोई डीन नहीं हैं, सिर्फ गीतांजलि कालेज में अतिथि विद्वानों के लिए डीन नियुक्त किए गए हैं।- नूतन कालेज में तो नियमित के लिए डीन नियुक्त हैं। यहां तो अतिथि विद्वानों के लिए डीन नियुक्त किए गए हैं। अतिथि विद्वानों पर निगरानी रखने के लिए मैनें यह व्यवस्था की है। **डॉ अलका डेविड, प्राचार्य, गीतांजलि कालेज**

# दहेज नहीं मिला तो पत्नी से मायके जाकर बोला तीन बार तलाक



**भोपाल।** राजधानी के तलैया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। उसकी शादी डेढ़ वर्ष पहले ही हुई थी। मामला थाने पहुंचने की भनक लगते ही आरोपित पति घर से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। तलैया थाना पुलिस के मुताबिक इब्राहिमपुरा निवासी 19 वर्षीय महिला की शादी एक जुलाई 2020 को न्यू कबाड़खाना, हनुमानगंज निवासी मोहम्मद शकील से हुई थी। शकील कबाड़खाने में कबाड़ का कारोबार करता है। महिला ने शिकायत में पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही पति शकील उससे मायके से दहेज लाने के लिए दबाव बनाने लगा था। महिला जब अपने मायके की हैसियत बताते हुए दहेज नहीं ला पाने की बात करती थी, तो शकील उसके साथ मारपीट करता था। आए दिन की प्रताड़ना से परेशान होकर अंतत- महिला तलैया क्षेत्र में अपने मायके में आकर रहने लगी थी। इस दौरान भी शकील उसे फोन कर दहेज में रुपये लाने का दबाव बनाता रहा था। महिला ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर 2021 को वह अपने घर पर थी। इस दौरान पति शकील उसके घर पहुंचा। इस दौरान पीड़िता की बड़ी बहन भी घर में मौजूद थी। वहां विवाद करते हुए शकील ने पत्नी के साथ मारपीट की। साथ ही तीन बार तलाक बोलकर विवाह संबंध खत्म होने की बात कहकर वहां से चला गया। इससे महिला का परिवार सकते में आ गया। इस मामले में परिवार के लोगों ने शकील को समझाने की भी कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# इंदौर के होटल में पकड़ा गया देह व्यापार, 5 युवतियां और 6 युवक गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर के विजय नगर इलाके में लव होटल में पुलिस ने देह व्यापार पकड़ा है। यहां से 5 युवतियां और 6 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। विजय नगर पुलिस देर रात यहां रेंडमली चेकिंग की लिए गई थी। इस दौरान वहां युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। 5 युवतियों में 3 मुंबई की, एक खंडवा की और एक इंदौर की है। 6 युवकों में एक होटल संचालक, एक दलाल और बाकी ग्राहक थे।

# एटीएम में छेड़छाड़ कर एक साल से चुरा रहे थे रुपये, उप्र के युवक समेत तीन गिरफ्तार

**भोपाल ।** राजधानी की ऐशबाग पुलिस ने उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ के एक छात्र समेत इंजीनियरिंग के तीन छात्रों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों एटीएम में छेड़छाड़ कर उससे रुपये चुरा रहे थे। आरोपितों ने करीब 24 एटीएम में वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने फिलहाल दो वारदात का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का मुख्य सरगना उप्र के प्रतापगढ़ का रहने वाला है और पिछले एक साल से अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात कर रहा था। आरोपित ने कबूल किया है कि उत्तर प्रदेश में ही उसने इस प्रकार से एटीएम में छेड़खानी कर वारदात करना सीखा था। बाद में वह भोपाल में अपने दो साथियों के साथ मिलकर वारदात करने लगा था। ऐशबाग थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया के मुताबिक अप्सरा टाकीज के पास स्थित केनरा बैंक एटीएम से गत 28 अक्टूबर को एक वारदात हुई थी। वारदात में आरोपितों ने एटीएम से पांच हजार रुपये निकाल लिए थे। इसी तरह की एक वारदात काली मंदिर केपास पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में हुई। दोनों ही वारदात में पुलिस ने बैंक प्रबंधक राकेश कटारे और राजन मिश्रा की शिकायत पर चोरी और तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने एटीएम और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुभम मालवीय, निवासी नागदा उज्जैन, अभिषेक मिश्रा निवासी ग्राम बड़ा पूर्वा पोस्ट मोहनगंज कोतवाली जिला प्रतापगढ़ उप्र और दिव्यांश शुक्ला निवासी बाग दिलकुशा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि तीनों इंजीनियरिंग डिप्लोमा कर रहे हैं। पूछताछ में सामने आया कि राजधानी के करीब 24 एटीएम में यह लोग वारदात कर चुके हैं। उसकी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपित ने कुल कितनी राशि अब तक एटीएम से निकाली है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आरोपितों से इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

### ऐसे करते थे वारदात

आरोपित पेंचकस डालकर पहले एटीएम का शटर तोड़ देते थे, इससे शटर फ्री हो जाता था। इसके बाद कांटा (लोहे की पत्ती से बना हुआ उपकरण) अंदर डाल देते थे। इस बीच एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचा कस्टमर एटीएम से पैसा निकालने की प्रक्रिया करता था। एटीएम की पूरी कमांड करने के बाद मशीन नोट गिनती है। गिनती के समय बेल्ट पर आया पैसा बाहर न आकर लोहे की पत्ती के कांटे में फंस जाता था। इससे थोड़ी देर बाद एटीएम आउट आफ सर्विस का मैसेज दे देता था। ग्राहक के एटीएम से बाहर जाते ही आरोपित कांटे से पैसा बाहर निकाल लेते थे।

### प्रतापगढ़ में सीखा काम, भोपाल में बनाई गैंग

आरोपित अभिषेक ने पुलिस ने बताया कि प्रतापगढ़ (उप्र) में यह काम धड़ल्ले से किया जाता है। उसने पुलिस को जानकारी दी कि इस तरह से वारदात करने वाली प्रतापगढ़ और उसके पास कई गैंग काम करती हैं। इन्हीं में से एक गिरोह से उसने वारदात करना सीखा था। इस बारे में यूट्यूब पर काफी कुछ दिया हुआ है। बाद में वह राजधानी में अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात करने लगा। मालूम हो कि साइबर पुलिस ने भी इस तरह से वारदात करने वाली एक गैंग को हरियाणा से पकड़ा था।



### ग्राहक के खाते में वापस आ जाती थी राशि

खास बात यह है कि एटीएम से ग्राहक को रुपये नहीं मिलने पर उसके द्वारा आवेदन देने के बाद वापस उसके खाते में राशि आ जाती थी। बैंक की राशि का बीमा होता है तो उनको रकम वापस मिल जाती थी। एटीएम का रखरखाव करने वाली कंपनी मशीन में सुधार कर उसे सही कर देती है। कई मामलों में बैंक की तरफ से अभी तक एफआइआर भी नहीं कराई गई है।

## जैतपुर और ढिलवार भी पहुंच सकता है पानी

# तेंदूखेड़ा के वॉटर फिल्टर प्लांट से की जा सकती है पेयजल आपूर्ति

*नरसिंहपुर यभाप्र। पेयजल आपूर्ति को लेकर तेंदूखेड़ा की सीमा से लगे समीपी ग्राम जैतपुर ढिलवार परेशान देखे जा रहे है। वहीं नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले जामनपानी, भौंरपानी, आलनपुर, छीतापार और वार्ड क्रमांक 15 के कठोतिया गर्मी के दिनों में पेयजल को लेकर हमेशा परेशान देखे सुने जाते है। वर्तमान में भी ठंड में कंठ सूखने की स्थिति सामने आती दिख रही है। ऐसी स्थिति में अभी से सार्थक दिशा में प्रयासों की महती आवश्यकता है।*



पेयजल समस्या के निराकरण के लेकर समय समय पर पीड़ित पक्षों द्वारा शासन प्रशासन के नुमाइंदो को ज्ञापन सौंपे जाते है और आश्वासन के झुनझुने पकड़ाकर इन्हें वापस भी कर दिये जाते है। समस्या गंभीर होने पर फिर वही स्थिति निर्मित हो जाती है। लेकिन उचित दिशा में सार्थक प्रयास न हो पाने के कारण ग्र्रामीण वास्तव में परेशान बने हुए है। संबंधित विभागों के वरिष्ठ आला अधिकारी भी केवल अपने कमीशन और लाभ तक एक सीमित दिशा में काम कर कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते है। सरकारी धन का दोहन भी हो जाया करता है। यदि यही धन योजनावद्ध तरीके से लग जाये तो बहुत कुछ समस्याओं का निराकरण संभव हो सकेगा। तेंदूखेड़ा में 15 कि.मी. दूर समीपी ग्राम करोंदी से पाईपलाईनों के माध्यम से नर्मदा जल पहुंचता है। वॉटर फिल्टर के उपरांत पूरे नगर में इसकी सप्लाई की जाती है। चूंकि पेयजल सप्लाई वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 नहीं है। तेंदूखेड़ा में 19 कि.मी. नई पाईपलाईन जलावर्धन योजना के तहत संबंधित ठेकेदारों द्वारा 5 वर्षों के मेंटनेंस पर पक्के सड़क मार्ग खोदकर डाली गई थी। सड़कें तो आज भी खुदी पड़ी है जो पूर्ण नहीं हो सकी है। साथ ही पुरानी पाईपलाईन भी बड़ी संख्या में जमीन में जमीदोज हो गई है तो कुछ लाईन निकाल भी ली गई थी। यदि यही पुरानी पाईपलाईन का उपयोग जामनपानी भौंरपानी आलनपुर कठोतिया के लिए हो जाता तो इन ग्रामों की पेयजल समस्या का स्थाई निराकरण संभव हो जाता।

पी.एच.ई. विभाग द्वारा जैतपुर और आदिवासी ग्राम ढिलवार की पेयजल समस्या एक अबूझ पहेली बनकर रह गई है। समस्या निराकरण के नाम पर लाखों करोड़ों रूपये भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गये लेकिन आज तक पेयजल समस्या का समाधान नही हो सका है। किसी बड़ी योजना के माध्यम से तेंदूखेड़ा के वॉटर फिल्टर प्लांट से पाईपलाईनों द्वारा पानी ढिलवार और जैतपुर भेजा जा सकता है। चूंकि जैतपुर और ढिलवार की ज्यादा विशेष दूरी भी नहीं है। किसी बड़ी योजना के माध्यम से इन दोनों ग्रामों तक नर्मदा जल आसानी से पहुंच सकता है।

# लापरवाही बरतने पर 3 ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

### विकास कार्यो में रुचि न लेने, मनमानी करने पर हुई कार्यवाही

**नरसिंहपुर यभाप्र।** ग्राम पंचायत के कार्यों में लापरवाही बरतने, विकास कार्यों में रूचि नहीं लेने, मनमानी करने व स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़, सांकल एवं जमुनिया के तीन ग्राम पंचायत सचिव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव बेलखेड़ी शेढ़ प्रीतम पटैल, ग्राम पंचायत सचिव सांकल प्रदीप पटैल और ग्राम पंचायत सचिव जमुनिया नरेन्द्र चौकसे को निलंबित किया है। निलंबन अवधि में तीनों ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय जिला पंचायत कार्यालय नरसिंहपुर रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त आदेश मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण अधिनियम 1998 के प्रावधानों के तहत शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता को कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए जारी किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि संबंधित ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय एवं ओडीएफ प्लस के लक्ष्य की पूर्ति नहीं किये जानेए ग्राम पंचायत के कार्यों में रूचि नहीं लेने एवं लापरवाही बरतने, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास पूर्ण नहीं कराये जाने, हितग्राहियों के पेंशन सत्यापन का कार्य नहीं कराये जाने, भारत आयुष्मान योजना की लक्ष्यपूर्ति नहीं करने और समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के आरोपों में उक्त तीनों ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित किया गया है।



## सब जेल सिहोरा में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**सिहोरा।** माननीय उच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिहोरा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाली विधिक जागरूकता गतिविधियों की कार्ययोजना के अनुसार आज शुक्रवार को सब जेल सिहोरा में श्रीमान विक्रम सिंह जिला न्यायाधीश ( द्वितीय ) की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमान सन्तोष कुमार कोल जिला न्यायाधीश (तृतीय), श्रीमती सविता ठाकुर जेएमएफसी, सुश्री सृष्टि अग्निहोत्री जेएमएफसी , जेलर दिलीप नायक, पीएलवी राजकुमार नामदेव एवं सौरभ पाण्डे, अधिवक्तागण अभिषेक पाठक, डी के सिद्दीकी व सुनील पटेल एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहे जिसमें जेल के बन्दियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई बन्दियों ने भी बड़े उत्साह से अपने प्रश्न पूछे एवं समाधान कारक उत्तर पाकर सन्तुष्ट हुए। जेलर द्वारा कार्यक्रम में पधारे न्यायाधीश गणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जेल प्रहरी सुश्री नंदनी सोनी ने किया।

### केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्त ने किया भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन

**गोटेगांव।** गोटेगांव में विगत दिवस भगवान सहस्त्रबाहु जी की जयंती के शुभ अवसर पर श्रेया होटल में श्री फग्गन सिंह कुलस्ते केंद्रीय राज्य मंत्री भारत शासन द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की है हय क्षत्रिय कलचुरी समाज गोटेगांव के अध्यक्ष राजेंद्र राय ठेकेदार एवं अन्य वरिष्ठ जनों एवं युवा वर्ग द्वारा शाल श्रीफल से माननीय फग्गन सिंह जी का स्वागत अभिनंदन किया उनके साथ कार्यक्रम में पधारे माननीय संतोष जी दुबे अध्यक्ष जनपद पंचायत गोटेगांव श्री हाकम सिंह चढ़ार पूर्व विधायक निधन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नागेश पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक पटेल मंडल अध्यक्ष का पुष्प माला व शाल श्रीफल से समाज के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया इस शुभ अवसर पर माननीय श्री पंकज चौक से जिला अध्यक्ष कलचुरी समाज नरसिंहपुर द्वारा कलचुरी आदि से अब तक पुस्तक भेंट की जिसमें कलचुरी समाज का गौरवमय इतिहास पौराणिक धार्मिक परिचय का उल्लेख है कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश अग्रवाल जी द्वारा किया गया इस अवसर पर राजेंद्र राय मुकेश चोकसे मनोज राय रघुनाथ राय अमित राय मनीष राय सेवकचौक से वीरेंद्र चौक से हर्ष राय अनुराग राय शंकर राय सौरव चौक से अनुराग राय बाली राय वरिष्ठ पत्रकार वीडी सोनी सत्य पटेल मेलाराम ठाकुर घनश्याम विश्वकर्मा दीपक गर्ग रमेश नाथ नंदराम पाठक दीपेश कटारे आदि की उपस्थिति रही।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब





**नरसिंहपुर यभाप्र।** बीते 12 नवंबर को आबकारी विभाग ने अलग-अलग जगहों पर अवैध शराब का काला कारोबार करने वाले व्यक्तियों पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

कलेक्टर रोहित सिंह जिला नरसिंहपुर के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अम्रता जैन के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी डी.सी.चतुर्वेदी के नेतृत्व में नरसिंहपुर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वृत्त नरसिंहपुर में ग्राम अगरिया बाबरिया एवं बचई में दबिश कर 810 किलोग्राम महुआ लाहन शराब बनाने का कच्चा माल एवं 19 लीटर हाँथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई, महुआ लाहन का सैंपल लेकर मौके पर नष्ट करना पड़ा,



मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) (च) के तहत 09 प्रकरण कायम किये गए। इसी अभियान के तहत वृत्त गाडरवारा में बसुरिया सालीचौका में 15 पाव देशी प्लेन मदिरा के जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) का 1 प्रकरण कायम किया गया। कायम किये गए प्रकरणों मे जब्त की गई कुल मदिरा व सामग्री का अनुमानित मूल्य 43525 रुपये है उक्त सम्पूर्ण दबिश कार्यवाही के दौरान आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।

वृत्त नरसिंहपुर में दबिश कार्यवाही के पश्चात देशी मदिरा दुकान डाँगीढाना एवं विदेशी मदिरा दुकान नकटुआ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक संजीव जैन, भ्रान्ति सैयाम, सतीश, आबकारी मुख्य आरक्षक राकेश बोहरे, सदर सिंह बरकड़े, आबकारी आरक्षक दीपांश चौकसे, नवल सिंह ठाकुर नगर सैनिक रियाजुद्दीन, राधा शर्मा, संजय ठाकुर, योगेश और टेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नही होने देने शराब का अवैध विक्रय

आबकारी उपनिरीक्षक संजीव जैन का कहना है कि अवैध शराब विक्रेताओं पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। आबकारी विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत गांव-गांव में दबिश देकर कच्ची शराब बनाने एवं बेचने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही जा रही है। आगे भी यह कार्यवाही ऐसे ही जारी रहेगी। आबकारी विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध शराब विक्रेताओं में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गयी है।

## राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे का आयोजन संपन्न

**गाडरवारा यभाप्र।** बीते शुक्रवार को संपूर्ण देश मे भारत सरकार द्वारा किये गए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे का आयोजन गाडरवारा नगर ए साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंडों की चयनित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के चयनित छात्र छात्राओं के बीच किया गया।



राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए डीईओ द्वारा गठित जिला मीडिया दल के सदस्य मधुसूदन पटैल ने बताया की राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे साईंखेड़ा ब्लाक की 17 शासकीय एवं 25 अशासकीय शालाओं सहित कुल 42 एवं चीचली विकासखण्ड की 19 शासकीय तथा 4 अशासकीय शालाओं सहित कुल 23 स्कूलों में किया गया। सर्वे के तहत उक्त शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 3, 5, 8 और 10 वी के चयनित छात्र छात्राओं के सर्वे हेतु सीबीएसई द्वारा एक आब्जर्वर एवं फील्ड इन्विजिलेटर की नियुक्ति की गई थी जो सुबह साढ़े 7 वजे की चयनित शालाओं में उपस्थित हो गए थे उनके द्वारा सर्वप्रथम शालाओं में उपस्थित छात्र छात्राओं की सेम्पलिंग कर सर्वे हेतु उनका चयन किया फिर उन बच्चों के सर्वे हेतु सुबह साढ़े 10 बजे से प्रश्न पत्र एवं ओएमआर सीट वितरित कर उनके स्तर का आकलन किया। सर्वे में चीचली विकासखण्ड की कुल 23 शालाओं से 460 छात्र छात्राएँ शामिल हुए। इसके अलावा साईंखेड़ा विकासखण्ड की कुल 42 शालाओं से कुल 1056 छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। सर्वे के सुचारू संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन ने गाडरवारा के आदित्य पब्लिक स्कूल, न्यू एज पब्लिक स्कूल, न्यू एरा पब्लिक स्कूल, क्राइस्टचर्च कान्वेंट, कृष्णा कान्वेंट शालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं सर्वे में शामिल छात्र छात्राओं से संवाद किया। उन्होने स्कूल प्रबंधनों से बच्चों को स्वल्पाहार कराने की बात भी कही। इस अवसर पर उनके साथ गजेंद्र आचार्य, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, जयमोहन शर्मा, विक्रम शर्मा, सुखराम सेनएजिला मीडिया दल सदस्य मधुसूदन पटैल, डी एस साहू, रोहित वाल्मीक आदि मौजूद रहे। सर्वे के सुचारू रूप से आयोजन में बीईओ प्रतापनारायण, एएस मसराम, बीआरसी डी के पटेल, चन्दन शर्मा, संजय शर्मा, जीपी उपरेलिया, प्रसन्न खत्री, बीएसी संदीप स्थापक, योगेन्द्र झारिया, मनीराम मेहरा, अरुण दुबे, सुशील शर्मा, संजय सोनी, राजेश गुप्ता, एनपी साहू, सतीश नाईक, रजनीश गुप्ता, सुरेन्द्र पटैल, राजेन्द्र गुप्ता सहित समस्त जनशिक्षकों, आब्जर्बर, फील्ड इन्विजिलेटर का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

### कठोतिया तिग । पर शराब खोरी, छात्रों और महिलाओं आपत्ति

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 15 के अंतर्गत आने वाले ग्राम कठोतिया जाने वाले मार्ग कठोतिया तिगड्डा पर इन दिनों जमकर शराब खोरी हो रही है । ज्ञापन सौंपने पहुंचे पीड़ित वर्ग का कहना है कि पहले तो यहां पर लगे हेंडपंप ही शराबखोरी हुआ करती थी अब तो वहां एक और ठेला रखा गया है जिसमें शराबखोरी करने वाले लोगों को खाने पीने की सामग्री मिलने और बैठने का आश्रय स्थल बन जाने से दिन में भी शराबी तत्वों की धमाचौकड़ी बनीं रहती है। स्कूल जाने आने वाली छात्राओं के साथ महिलाओं के बीच अशोभनीय टीका टिप्पणी से परेशानी हो रही है। एस डी एम कार्यालय और पुलिस थाने में लिखित आवेदन शिकायत दर्ज कराई गई थी इसके बाबजूद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



## शिशु मंदिर में रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन

**सिहोरा।** नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में व्यवस्थापक अनुपम सराफ के निर्देशन एवं विद्यालय प्राचार्य विनोद गर्ग के मार्गदर्शन मैं 11 नवंबर से 13 नवंबर तक इलेक्ट्रॉनिक्स रोबोटिक्स एवं ऑटोमोबाइल कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में दिल्ली से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा कक्षा नवमी से बारहवीं के भैया बहनों को इलेक्ट्रॉनिक्स के अंतर्गत 3ष्ठ प्रिंटर द्वारा इच्छा अनुसार वस्तु बनाना, दूरदर्शी के द्वारा खगोल विज्ञान का अध्ययन करना, साइकिल से मोटरसाइकिल बनाना ,ड्रोन बनाना ,रोबोट निर्माण व उसके उपयोग की जानकारी प्रदान की। प्राचार्य ने बताया कि संस्था मैं उपलब्ध अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत उपलब्ध उपकरणों से छात्र सभी विधाओं में प्रवीणता हासिल करेगें भविष्य में अन्य विद्यालय के छात्रों को भी विद्यालय की प्रयोगशाला में दक्षता प्रदान की जाएगी कार्यशाला की सफलता में अध्यक्ष किशन जानवानी, कोषाध्यक्ष डॉ आनंद मोहन जैन, सत्य प्रकाश खरे, अंजना सराफ आदि का सहयोग सराहनीय रहा ।

### योग सागर जी की कोनी जी मे हुई आगवानी



**पाटन।** परम पूज्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज के परम शिष्य पूज्य योग सागर जी महाराज ससंघ की आज आगवानी अतिशय क्षेत्र कोनी जी पाटन मे हुई जहाँ पूज्य गुरुदेव की आहारचर्या भी सम्पन हुई श्री योग सागर का चातुर्मास कुंडलपुर में चल रहा था गुरुदेव वहाँ से विहार कर शहपुरा में चल रहे पंचकल्याणक महोउत्सव में शामिल होने जा रहे है कोनी जी क्षेत्र में गुरुदेव की आगवानी सकल दिगंबर जैन समाज और सुविद्या नवयुवक मंडल द्वारा की जाएगी।

## आवारा पशुओं परेशान राहगीर और कृषक

**गोटेगांव।** समीपी ग्रामकरकबेल में आवारा जानवर मेरी पूरी फसलो को खा गये चौपट कर गये, गौमाताओ के साथ अन्य पशुओं के आतंक से डरा हुआ कृषक समाज। उक्त बातें इस समय करकबेल परिक्षेत्र के कृषक बंधुओ द्वारा बताते हुए शेयर की गई । जिले के तहसील गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्रामो मे करकबेल बौछार बासनपानी मेख मानेगांव गुदंरई देवरी बम्हनी सर्वरी सगरा मुशरिक पिपरिया सिंगापुर ठेमी बरगी लुहारी नन्हेगांव करकबेल जैसे सैक?ों ग्रामवासियो द्वारा अपनी अपनी पीड़ा को बांटते हुए हमारे संवाददाता को बताया गया कि आवारा पालतू पशुओं द्वारा हमारी गरीब की फसलों को बहुत ही ज्यादा नुकसान इनके द्वारा किया जा रहा है ।।सुअर का डर भय हमेशा बना रहता है, किसानी मे हमारी फसलें लगभग इन पशुओं के द्वारा नष्ट सी कर दी गई वही दूसरी ओर इन आवारा गायो के कारण सड़क पर जहां तहां बैठकर आवागमन मे अवरोध को देखा जा सकता है किसी बड़ी अनहोनी के इंतज़ार मे है शासन प्रशासन के आलाअधिकारी जन उक्त आवारा गौमाता मारने को भी दौड़ती है शायद इसलिए मारने को दौड़ते है कि ये गौमाताये भूख है प्यासी है घायल है दर दर भटकती पिटती खदेडती हुई रहती है आवारा गौमाताऔ को सड़क और खेतो से किसी अन्यत्र उचित जगह पर भेजने मे शासन प्रशासन से अपेक्षा है।

## बेखौफ होकर खिलाया जा रहा जुआ-सट्टा, खिलाड़ियों का लग रहा जमघट

**गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील के अतंरगत आने वाले जिला नरसिहपुर के ग्राम करकबेल परिक्षेत्र कई दर्जनों ग्रामो में सट्टा जुआ की भरमार पुलिस प्रशासन पंगु। बैखौप होकर खिला रहे सटोरिया सट्टा जहाँ तहाँ खिलाड़ियो का जम घट ओपन किलोज के मकड़जाल फंसा समाज घर परिवार मे कलह कारण जुआ सट्टा आसामजिक ततवो गारिफत मेडूबता समाज शिक्षित बेरोजगारो मे पनपती हीन भावना का कारण है बेरोजगारी । आज के इस आधुनिक और तकनीकी से भरे युग मे लोग पैसो के लिए कभी आनलाइन ठगी का शिकार हो रहे है तो कभी जुआ सट्टा जैसी आसामजिक बुराई मे अपने नसीब को अजमाते देखे जा सकते है 100के 200 और 1के 80के रुपये के चक्कर मे समाज के लोग बुरी तरह से फसते जा रहे है ।खासकर आज की युवा पीढी का इस लत की ओर अपने आपको झौकते हुए देखा जा सकता है। बताया गया की सट्टा जुआ दिन दहाड़े खुले आम सटोरिया पट्टी काटते देखे जा सकते है । जुआ खेलते देखे जा सकते है इन लोगो को पुलिस प्रशासन का कानून नाममात्र भी डर नही सताता है क्यो सुनने मे ऐसा आ रहा है कि पूरे थाने के पुलिस आधिकारियो को बड़े सटोरियों के द्वारा सासाहिक या मासिक रुप से मोटी रकम देकर इस समाजिक बुराई को खुलेआम भरे बाजार मे खेलने खिलाने के लिए तैयार कर रखा है खैर खबर के प्रकाशन के पश्चात क्या कुछ होता है यह तो एक धरम सकंट वाली बात है ।अत: छापामारी के इन्तजार मे सभ्य समाज मौन है।



## एस डी एम से मिला किसान संघ

**पाटन।** भारतीय किसान संघ की शाखा पाटन के सदस्य किसानों की समस्याओं को ले कर पाटन एस डी एम शाहिद खान के पास पहुचे और खेती में आ रही समस्याओं से अवगत कराया संघ का कहना है कि लगतार हो रही बिजली कटौती और जले ट्रांसफार्मर को ले कर पिछले दिनों डिवीजन आफिस का घेराव किया गया था जिसमे डी नीरज कुचिया द्वारा आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही जले ट्रांसफार्मर बदले जायेगे और बिजली की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा 15 दिन बीत जाने के बाद भी सुधार कार्य नही हुआ कई गांव ऐसे है जहां के किसान महीनों से बिजली दफ्तर के चक्कर काट रहे है पर ट्रांसफार्मर नही है का बात कह कर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते है एस डी एम शाहिद खान ने बैठक मे जल्द जले ट्रांफार्मर को बदलने की बात कही जिसमे जिला अध्यक्ष मोहन तिवारी, रामकृष्ण सोनी,नंद किशोर परोहा, मुकुलपचौरी, दामोदर पटेल, वीरेंद्र जी, विवेक बेहुरे,रघुनाथ सिंह, रितेश जी एवम अन्य कृषक भाई भी मौजूद थे।

### वैश्य महिला इकाई ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**गोटेगांव।** विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश को सक्रिय महिला इकाई गोटेगांव ने अपनी मासिक बैठक के अंतर्गत मनीषा रघुनाथ राय के निवास स्थान पर दीपावली महापर्व के चलते दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया साथ ही विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की एवं एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए तरह-तरह की दीप प्रज्वलित कर माता महालक्ष्मी से सभी का जीवन सुख समृद्धि शांति सद्भाव का प्रकाश से परिपूर्ण हो ऐसी प्रार्थना की इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की तारा सिंघवी ,मंजू सोनी, मीना अग्रवाल ,रश्मि खरया, रजनी अग्रवाल, मनीषा राय ,वर्षा अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, सोनम सिंघवी, महिमा केसरवानी, ज्योति केसरवानी, शर्मीली केसरवानी, छाया केसरवानी, सोनाली नामदेव, आदि सदस्य उपस्थित थी।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक- स.अधि. /13/मुख्यालय 2021/22/एम/105
दिनांक 08/11/2021

**-: भवन नामांतरण सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित जैन पिता श्री राकेश कुमार जैन ने मकान नं. 948/404 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थतल 1300 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग- 13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

# न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होगी खिताबी भिड़ंत



### फाइनल मुकाबले के लिए मैच अधिकारी

मैच रेफरी- रंजन मदुगले
मैदानी अंपायर- मराइस इरास्मस और रिचर्ड केटलबोरो
टीवी अंपायर- नितिन मेनन
चौथा अंपायर- कुमार धर्मसेना

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में यह तय है कि इस बार दुनिया को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम में खिताबी मुकाबला होना है, ऐसे में दोनों में जीतने वाली टीम पहली बार विश्व विजेता बनेगी। दोनों ही टीमों ने इस टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया और सेमीफाइनल में रोमांचक जीत दर्ज की। आईसीसी ने भी फाइनल मुकाबले के लिए अपने श्रेष्ठ अंपायरों के पैनल को लगाया है, जिनके नाम भी सामने आ गए हैं। दुबई के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में रविवार को दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के मराइस इरास्मस और इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो मैदानी अंपायर होंगे। जबकि भारत के नितिन मेनन को टीवी अंपायर बनाया गया है। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने एक बयान में कहा, 'अंपायर मराइस इरास्मस और रिचर्ड केटलबोरो रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2021 फाइनल में मैदानी अंपायर की जिम्मेदारी संभालेंगे। आईसीसी एलीट पैनल में एकमात्र भारतीय अंपायर मेनन फाइनल में टीवी अंपायर होंगे जबकि श्रीलंका के पूर्व स्पिनर कुमार धर्मसेना चौथे अंपायर होंगे। रंजन मदुगले मैच रैफरी होंगे। गौरतलब है कि मेनन अपने पहले पुरूष विश्व कप में अंपायरिंग कर रहे हैं जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।




# वार्नर की खेल भावना पर गंभीर ने अश्विन से पूछा सवाल



टी-20 वर्ल्डकप 2021 में डेविड वार्नर का एक छक्का सोशल काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद हफीज की एक गेंद दो टप्पे में वार्नर तक पहुंची थी और उन्होंने इस गेंद को खेलते हुए छक्का जड़ दिया था। इसके बाद गौतम गंभीर ने इस घटना की फोटो शेयर करते हुए अश्विन से पूछा कि डेविड वार्नर ने खेल भावना का बहुत ही खराब प्रदर्शन किया? इसके जवाब में नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि वार्नर ने आउट न होने पर भी डीआरएस नहीं लिया था। इस पर आपका क्या कहना है। गंभीर अपने पोस्ट के जरिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों पर निशाना साधना चाह रहे थे, जिन्होंने मांकडिंग करने पर अश्विन को ट्रोल किया था। हालांकि दिग्विजय बीच में कूद पड़े और मामले को कहीं और ही ले गए। हालांकि क्रिकेट फैंस ने दिग्गी को जमकर ट्रोल किया और उनसे कहा कि वो राजनीति तक ही सीमित रहें, क्रिकेट पर ज्ञान न दें।

### दिग्विजय बीच में कूदे तो हो गए ट्रोल

### ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को अश्विन ने दिया जवाब

गंभीर के ट्वीट पर ऑस्ट्रेलिया के एक पत्रकार ने कहा कि आपने गलत किया है। इसके जवाब में अश्विन ने कहा कि अगर गेंदबाज के हाथ से गेंद फिसलने पर वार्नर का छक्का लगाना सही तो उनका मांकडिंग करना भी सही था और अगर उस समय अश्विन गलत थे तो अब वार्नर भी गलत हैं। इसके बाद उन्होंने पूछा कि यह उचित मूल्यांकन है ना?

# आखिर ऐसी क्या हुई खता?





## अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे ने मांगी भरभूति जी आसिफ शेख से माफी

नई दिल्ली। भाबीजी घर पर हैं लोगों का फेवरेट कॉमेडी शो है। 2015 से चल रहे इस शो की दीवानगी का आलम ये है कि दर्शकों को इसके एक-एक किरदार के तकिया कलाम तक रटे हुए हैं। तो वहीं सोशल मीडिया पर चर्चा है कि बात बात पर %सही पकड़े हैं% बोलने वाली पुरानी अंगूरी भाभी यानि शिल्पा शिंदे ने अपने चहते भरभूति जी मतलब आसिफ शेख से माफी मांगी है।



### अंगूरी भाभी ने मांगी माफी

दरअसल, शो की शुरुआत में अंगूरी भाभी का किरदार शिल्पा शिंदे निभा रही थीं। इस दौरान शिल्पा के अभिनय के लोग इतने कायल हो गए कि इनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त हो गई। भाबीजी टीएआरपी में नंबर वन चलता था। दर्शकों को शिल्पा की मासूमियत बहुत भाती थी। पर साल 2106 में मेकर्स के साथ मनमुटाव के कारण शिल्पा शिंदे ने चलते शो को अलविदा कह दिया।

### आसिफ शेख ने भेजा था बुलावा

अब इतने साल बाद शिल्पा ने आसिफ शेख से माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी बज है। पर इसके पीछे क्या कराण है ये हम आपको बताते हैं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, % आसिफ जी आपने बुलाया और मैं नहीं आ पाई, उसके लिए सॉरी।

### शिल्पा बोलीं- सॉरी आसिफ

शिल्पा आगे लिखती हैं, आपने मुझे अपनी पार्टी में बुलाया, लेकिन मैं वहां नहीं आ पाई उसके लिए सॉरी, मुझे अभी पता चला है कि आज आपका जन्मदिन है। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं, इस दिन आपके लिए सभी खुशियों की कामना करती हूं। आपके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना एक सम्मान की बात थी और मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि आप कितने अच्छे हैं। आप एक अद्भुत इंसान हैं, धन्य रहें और मुस्कुराते रहें। जन्मदिन मुबारक आसिफजीबता दें कि शिल्पा शिंदे ने भाबीजी छोड़ने के बाद बिग बॉस के घर में कदम रखा था। जहां उन्होंने हिना खान जैसी मजबूत दावेदार को हराकर ट्रॉफी अपना नाम की थी। इसी सीजन में घर में विकास गुप्ता के साथ शिल्पा की अच्छी झड़प भी देखने को मिली, जो कि बाद में दोस्ती में बदल गई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो शिल्पा हाल में ओटीटी पर भी नजर आई हैं।

# आश्रम की बबीता का ग्लैमरस अंदाज

## बाबा निराला भी फंस गए थे इनके चंगुल में



नई दिल्ली। साल 2020 में आई वेब सीरीज आश्रम बाबाओं के पाखंड और फरेब को उजागर करने वाली कहानी थी। वेब सीरीज ने लोगों को इसके प्रति जागरुक करने का काम किया। इस वेब सीरीज में बॉबी देओल मुख्य किरदार में नजर आए थे। जिन्हें खूब पसंद किया गया। तो वहीं सीरीज में अभिनेत्री त्रधा चौधरी भी अहम किरदार में थीं। सीरीज में भी त्रिधा चौधरी का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला था। तो वहीं असल जिंदगी में भी त्रिधा बेहद ग्लैमरस हैं। त्रिधा चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी कई तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में त्रिधा ने अपनी एक तस्वीर सेयर की है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। त्रिधा चौधरी की ये तस्वीर बी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। त्रिधा चौधरी ने ये तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर की है। इस तस्वीर में त्रिधा ने पर्पल रंग की मोनोकिनी पहनी हुई है। एक चेयर पर बैठी हुईं त्रिधा ब्रेकफास्ट कर रही हैं। उनके हाथ में न्यूज पेपर है वहीं आंखों में उन्होंने चश्मे पहने हुए हैं। त्रिधा ने तस्वीर में बालों में पर्पल रंग का ही तौलिया भी पहना हुआ है। त्रिधा का ये ग्लैमरस लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। त्रिधा की इस तस्वीर पर उनके फैंस कमेंट कर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

बता दें कि त्रिधा चौधरी अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस कई तस्वीरें सेयर कर चुकी हैं। जिनमें वो बिकिनी में या तो ग्लैमरस अवतार में नजर आी थीं। बात करें उनके वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस आश्रम वेब सीरीज के दोनों पार्ट में थीं। इसके बाद अभिनेत्री बंदिश बैडिट्स में भी नजर आईं।

## मझौली लूटकांड

# निगरानी बदमाश निकला गैंग का सरगना, 3 लुटेरों को दबोचा

**जबलपुर, यशभारत। दमोह निवासी जीजा-साले के साथ लूटपाट करने वाला कटंगी थाने का निगरानी बदमाश निकला। आरोपी गैंग बनाकर एक लाख रुपए और मोबाइल छीन ले गया था। मझौली पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।**



मझौली पुलिस के मुताबिक ग्राम टीला पथरिया दमोह निवासी दर्शन पटेल 32 वर्ष ने दो दिन पहले लूट का मामला दर्ज करवाया था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने निगरानी और चिन्हित बदमाशों के फोटो पीड़ित जीजा-साले को दिखाए। इसके अलावा लूटपाट के दौरान एक आरोपी को बदमाश प्रवीण नाम से संबोधित कर रहे थे। इसी अहम सबूत के आधार पर पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोच लिया।

### सरगना 10 अपराध में है आरोपी

मझौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बक्सवाही कटंगी निवासी प्रवीण लोधी पिता गौतम लोधी 25 वर्ष को उठाया। सख्ती से पूछताछ की तो उसने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि दो अन्य साथियों, भगवान सिंह लोधी 22 वर्ष और सुख सिंह लोधी 38 वर्ष के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। एक और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### निगरानी बदमाश है प्रवीण

पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश प्रवीण कटंगी थाने का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ लूट, चोरी, मारपीट, छेड़छाड़ के अनेक प्रकरण दर्ज हैं। वर्ष 2020 में उसके खिलाफ जिलाबदर कार्रवाई भी हो चुकी है। गिरफ्त में आए अन्य बदमाशों के अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### नहर के पास मिली थी कार

वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। जीजा-साले ने एक हाइवा ड्राइवर की मदद से पुलिस को सूचना दी। वे आगे बढ़े तो नाहन देवी पुल के पास वारदात में प्रयुक्त कार खड़ी मिली। वहीं एक बदमाश के प्रवीण नाम से संबोधन भी कर रहे थे। पुलिस ने कार जब्त करते हुए प्रवीण के बारे में पता किया तो पूरी गुत्थी सुलझ गई।

### बाइक अड़ाकर लूट की वारदात को दिया था अंजाम

मझौली पुलिस के मुताबिक दर्शन पटेल अपने जीजा दमोह निवासी जमुना प्रसाद का हार्वेस्टर चलवाता है। दुर्गेश पटेल उनका एजेंट है, जो कटाई की बुकिंग लेता है। दुर्गेश ने बीते दिनों 53 हजार रुपए दर्शन को दिए थे। तीन हजार रुपए उसके खर्च हो गए थे। 50 हजार रुपए उसने जेब में रखे थे। जीजा जमुना प्रसाद के साथ वह नंदग्राम से सिमरिया पहुंचे। वहां हार्वेस्टर देखने के बाद वे बाइक से ढौडा गांव के लिए रवाना हुए। मझौली आइटीआइ से करीब दो किमी आगे पहुंचे ही थे। तभी एक बाइक सवार ने उनकी बाइक के आगे वाहन लगा दिया। उसी समय कटंगी मोड़ पर पीछे से कार एमपी-20 सीजी 1910 पहुंची। उसमें से तीन बदमाश निकले। चारों ने दोनों के पास रखे 50-50 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिए। धमकी दी कि आवाज निकाली तो मार देंगे।



## मेट्रोप्राइम के डॉ डीयू पाठक मुम्बई कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित

**जबलपुर।** बड़ेरिया मेट्रोप्राइम जबलपुर के डॉक्टर डी यू पाठक (वरिष्ठ जनरल व एनोरेक्टल सर्जन ) को उनके द्वारा ईजाद फिस्टुला नामक गुदा मार्ग के गम्भीर रोग के उपचार की नवीनतम विधि स्ह्हस्न्ञ के प्रदर्शन हेतु मुंबई के रेनिसेंस होटल में आयोजित राष्ट्रीय एनोरेक्टल कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में वे फिस्टुला रोग के उपचार की एडवांस व विविध तकनीकों के बारे में बतलायेंगे व साथ ही देश-विदेश से आए हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चर्चा का भी संचालन करेंगे। उल्लेखनीय है कि आज खतरनाक बीमारियों को लेकर पूरी दुनिया मे हर लिहाज से जहाँ जागरूकता बड़ी है ,वहीं उनके उपचार को लेकर भी निरन्त शोध जारी हैं। स्ह्हस्न्ञ तकनीक भी डॉक्टर डी यू पाठक के ऐसे ही गहन शोध का नतीजा है। जो आज फिस्टुला के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### आयुध निदेशालय ने कहा सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने दें

# संशोधित एरियर्स भुगतान से बढ़ेगा राजस्व भार

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों को यदि मद्रास हाईकोर्ट और अन्य केन्द्रीय प्रशासनिक अभिकरण( केट ) के फैसले के तहत यदि उन्हें ओवर टाइम बोनस का संशोधित आधार पर भुगतान किया जाएगा तो सरकार पर राजस्व का अतिरिक्त भार भी पड़ेगा।चूंकि यह फैसला अनंतिम है और केंद्र सरकार ने तमाम अपीलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने मामला दायर किया है।अतः फैसला आने तक इसका इंतजार करें।रक्षा मंत्रालय के आयुध निदेशालय ने यह भी कहा है कि यदि फैसला कर्मचारियों की अपील के खिलाफ होता है तो दिये गए एरियर्स की वसूली मुश्किल होगी कि तब तक अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके होंगे। इस संबंध मेंआयुध निदेशालय के संयुक्त निदेशक एस शरद राव ने11नवंबर को पत्र जारी किया है उपरोक्त के संदर्भ में, यह कहा गया है कि विभिन्न एसोसिएशनो फेडरेशनो और व्यक्तिगत अभ्यावेदन की जांच की गई है। यह देखा गया है कि सभी ने सभी पात्र कर्मचारियों (गैर-याचिकाकर्ताओं के गैर-आवेदकों) के साथ कोई भेदभाव किए बिना विभिन्न न्यायालय के निर्णयों के अनुसार सभी भत्तों (आईआईआरए टीए एसएफए आदि) को शामिल करके ओटीए के संदर्भ में लाभ का विस्तार करने का अनुरोध किया है। ताकि आवेदक और अनावेदक समान रूप से लाभान्वित कर सकें। इस संबंध में, यह इंगित किया जाता है कि मद्रास के माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 30/11/2011 के आदेश को खारिज करने के परिणामस्वरूप। 2012 के 12845 से 12852 तक के एसएलपी (सी) को उपरोक्त आदेश दिनांक 30/11/2011 को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी एसएलपीएस को स्वीकार कर पार्टियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। आज की तारीख तक, उक्त एसएलपीएस न्यायनिर्णयन के लिए लंबित हैं। हालांकि माननीय कैट उच्च न्यायालय की कुछ पीठों ने उक्त एसएलपीएस के परिणाम के अधीन आवेदकों को गणना के उक्त लाभ को अनंतिम रूप से विस्तारित करने के निर्देश जारी किए हैं। उक्त आदेश पारित नहीं होने के कारण सभी कर्मचारियों के लिए इसे लागू नहीं किया गया है। चूंकि इसे पूर्वव्यापी रूप से बकाया के रूप में भुगतान किया जाना है। जिससे सरकार पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। यह भी उल्लेख किया जा सकता है कि, यदि मामले में एसएलपीएस की अनुमति दी जाती है और निर्णय यूओआई के पक्ष में जाता है, तो अनंतिम रूप से भुगतान की गई राशि की वसूली कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। इससे प्रशासनिक मुशिकलें भी आ सकती हैं, क्योंकि हर महीने बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## विधायक संजय यादव के घर पहुंचे कृषि मंत्री कमल पटैल



### पुत्र के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदनाएं

**जबलपुर।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल आज सुबह जबलपुर पहुंचे और विधायक संजय यादव के हाथीताल स्थित निवास पहुँचकर और उनके पुत्र विभु यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद मंत्री कमल पटेल शहपुरा पहुंचे जहां सकल जैन समाज द्वारा उनका अभिनन्दन किया गया । श्री पटेल संक्षिप्त प्रवास के दौरान पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल होने शहपुरा पहुँचे थे । श्री पटेल ने शहपुरा पहुँचते ही सबसे पहले आचार्य विद्यासागर महाराज के दर्शन किये तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । इसके उपरांत उन्होंने पाटन क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई से उनके रामपुर स्थित निवास पहुँचकर सौजन्य भेंट की ।



### जयंती कॉपलेक्स में दबिश

# एप्पल कंपनी के नाम से धड़ल्ले से बेची जा रही थी फर्जी बैटरी, एडोप्टर, कवर



### दुकान संचालकों पर कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज, पूछताछ जारी

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती पुलिस ने दरमियानी रात जयंती कॉपलेक्स में छापामार शैली में दबिश देकर, दो दुकानों से एप्पल मोबाइल कंपनी की फर्जी बैटरी, कवर, एडोप्टर, चार्जर जब्त किए है। जिनकी कीमत 70 हजार रुपए के करीब बताई जा रही है। ओमती थाना प्रभारी एसपी सिंह बघेल ने बताया कि ब्रांडेड सेलफोन कंपनी के अधिकारी ने शिकायत की थी कि जयंती कॉप्लेक्स में बड़े पैमाने पर नकली माल बेचा जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राधिका मोबाइल शॉप और सोम्या मोबाइल शॉप में दबिश दी।

### पूछताछ जारी

पुलिस ने बताया कि दबिश के दौरान एप्पल कंपनी की बैटरी, मोबाइल चार्जर, एडोप्टर, मोबाइल कवर सहित करीब 60 से 70 हजार रुपए का माल पकड़ा गया है। जिसे जब्त कर, शॉप संचालक सुभम जैन अक्षय पाठक के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, पूछताछ की जा रही है।

# दावत रेस्टोरेंट में कार्रवाई



### खाना की टेबलों में उड़ रहा था धुआं संचालक पर एफआईआर

**जबलपुर, यशभारत।** विजय नगर स्थित रेस्टोरेंट दावत में उस समय भगदड़ की स्थिति बन गई जब पुलिस ने छापा मार दिया। खाना की टेबलों में धुआं उड़ता देख पुलिस भी हैरान हो गई। संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है। थाना विजयनगर में सूचना मिली कि दावत रेस्टोरेंट अहिंसा चौक में हुक्काबार संचालित हो रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान दावत रेस्टोरेंट में दबिश दी गई रेस्टोरेंट के प्रथम तल के हाल में कुर्सी लगाकर कुछ व्यक्ति फ्लेवर वाला हुक्का पीकर धुआ उड़ा रहे थे। अमोल मिश्रा नामक व्यक्ति हुक्का लगाने (पीने के लिये तैयार करने के लिये सिगरेट तम्बाकू उत्पाद फ्लेवर वाले भरने ) एवं पिलाने की मदद कर रहा था कमरे में कहीं भी तम्बाकू उत्पाद उपयोग करने के संबंध में कोई वैधानिक चेतावनी नहीं लगी थी। कमरे में धुंआ भरा हुआ था , एक जगह इकठ्ठा होकर खाने एवं हुक्का पीने से कोविड गाईड का उल्लंघन होना पाया गया जिससे जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश का उल्लांघन होना पाया जाने पर 1 हुक्का चालू हालत में, प्लास्टिक की 3 पाईप , फ्लेवर तम्बाकू उत्पाद के 6 पैकेट, स्टील की 2 प्लेट, 2 लाईटर, कोयला पैकेट, तीन अध जले एवं 2 साबूत सिगरेट , चिमटा जप्त करते हुये आरोपी अमोल मिश्रा के विरूद्ध धारा 269, 188 भादवि एंव 51 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 3 महामारी अधिनियम, तथा धारा 20 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## सोने के जेवरातों से भरा बैग किया वापस

**जबलपुर, यशभारत।** ईमानदारी जिन्दा है...। थाना कोतवाली में जिसकी मिसाल पेश करते हुए एक युवक ने रोड में पड़ा हुआ सोने के जेवरातों से भरा बैग थाने में सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित को बैग जैसे ही सौंपा तो आंखों से खुशी के आंसू छलक आए। यह समाज के प्रेरणा स्तंभ है। जानकारी अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत पंकज बाजपेई के बैग में रखे हुए सोने के जेवर, 4 कंगन और 2 झाले गाड़ी से गिर गए थे। जिन्हें श्याम सोनी निवासी जबलपुर ने थाने में पुलिस को सौंपा जिसे कोतवाली में आवेदक पंकज बाजपेई को वापस किए गए।



## सिंचाई विभाग के अधिकारी के घर चोरी

### 52 हजार नगद उड़ा ले गए चोर

**मामला दर्ज, जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा में सिंचाई विभाग से रिटायर्ड अधिकारी के घर चोरों ने धावा बोला और लॉकर में रखे 52 हजार नगद पार कर रफूचक्कर हो गए। जिस समय यह घटना हुई पीड़ित सपरिवार घर से बाहर गया हुआ था और आज जब वापस आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा था। पुलिस ने बताया कि कृष्ण कुमार जावर निवासी शास्त्री नगर, विनायक कॉलोनी ने थाने में शिकायत देते हुए बताया कि वह सिंचाई विभाग से रिटायर्ड है और घर सूना छोड़कर, रिश्तेदारी में गए हुए थे। जब वापस आकर देखा तो लॉकर में रखी हुई नगदी गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही की फुटेज खंगाल रही है।

# नहर पार करते कीचड़े में फंसकर किसान की मौत



**बरेला की घटनास्नान करने गए लोगों ने दी पुलिस को सूचना, जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला नहर पार करते समय कीचड़े में फंसकर एक किसान की मौत हो गयी। आज सुबह जब नहर में स्नान करने गए लोगों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर लोगों का भारी हूजूम लग गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर, शव को नहर के बीच से निकालकर, मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आज बरगी दायी तट नहर परियोजना बरेला में लोगों की भारी भीड़ उस समय उमड़ पड़ी जब, नहर के बीचों-बीच एक शव, कीचड़ में सना हुआ देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि लुहकरी निवासी मूले सिंह मरावी उम्र 34 वर्ष अपने घर से खेत देखने आया हुआ था। यहां वह पैदल ही नहर पार कर रहा था, तभी नहर में सालों से जमे कीचड़ में किसान फंस गया और वहीं उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस मामले में तथ्य जुटा रही है।

## केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा:कांग्रेस की दोमुंही विचाराधारा

**जबलपुर, यशभारत।** भारत सरकार के सांस्कृतिक एवं संसदीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज शनिवार 13 नवंबर को जबलपुर प्रवास पर थे। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा हिन्दुत्व पर दिए गए बयान, सलमान खुर्शीद के विवादित किताब और राशिद अल्वी के बयान को लेकर जमकर निशाना साधा। बोले-कांग्रेस की हमेशा से दोमुंही विचाराधारा की राजनीति करती रही है। यही उसके पराभव का कारण भी है। एमपी में खुर्शीद की किताब पर बैन की प्रशंसा करते हुए बोले ये समाज में आने लायक किताब नहीं है। इस पर विचार चल रहा है। साहित्य अकादमी पुस्तक पर बैन लगा सकती है।



केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता सलमान खुशीज़्द को कश्मीरी पंडितों का पलायन नहीं दिखता। उनका पलायन हो तो हो। सलमान खुशीज़्द ने किताब लिखकर जो थॉट प्रस्तुत किया। असल में कांग्रेस असल पहचान यही है। वे फायदे के लिए कभी साफ्ट हिन्दुत्व की बात करेंगे। तो कोई हिंदुओं को गाली दे तो उसके साथ भी खड़े दिखेंगे। ये जो राजनीति की दोमुंही विचारधारा है, यही कांग्रेस की सदा से पहचान रही है।

## पूर्व पार्षद संजय बघेल को पितृशोक



जबलपुर। 'खेरमाई वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती ताराबाई बघेल के पति व पूर्व पार्षद संजय बघेल के पिता एवं पूर्व पार्षद श्रीमती मनोरमा बघेल के ससुर तुलसी राम भाई बघेल उम्र 88 वर्ष का हृदय गति रुक जाने के कारण दु:खद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास बड़ी खेरमाई वार्ड से करिया पाथर श्मशान घाट पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेस
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरुम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जोर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )